# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 1 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण अमावस्या- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 85 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ सर्दियों में अजवाइन के सेवन से शरीर को मिलते हैं गजब फायदे

पापा चंकी पांडे का इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करवाना चाहती है अनन्या पांडे ◂◂ 6







## सेवानिवृत्त शिक्षक की धारदार हथियार से काटकर हत्या



**मेट्रो रेज**

**पलामू :** जिले में सेवानिवृत्त एक शिक्षक की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गयी है। यह घटना रविवार की सुबह पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची पंचायत के हलुमांड गांव में हुई है। जहां अपराधियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक परीखन सिंह (70 वर्ष) की टांगी से काटकर हत्या कर दी । घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। परिजनों की मांग पर पुलिस खोजी कुत्ते की मदद से मामले की जांच में जुट गयी है।

शौच से लौटने के दौरान हमलावरों ने टांगी से गर्दन पर किया हमला : घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह करीब 5 बजे परीखन सिंह शौच के लिए गांव के बांध की ओर गये थे। लौटने के क्रम में देवी मंडप के पास अज्ञात हमलावरों ने टांगी से उनकी गर्दन पर हमला कर दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। देवी मंडप और परीखन सिंह के घर के बीच की दूरी लगभग 500 मीटर बतायी जाती है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परीखन सिंह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

## रेल पटरी पर मृत मिले झारखंड आंदोलनकारी वरुण चक्रवर्ती, शोक की लहर

**सरायकेला:** अलग झारखंड राज्य के लिए आंदोलन करने वाले वरूण चक्रवर्ती का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। झारखंड आंदोलनकारी का शव जमशेदपुर से सटे सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा-चांडिल रेलवे स्टेशन के बीच कांड्रा थाना अंतर्गत पोल संख्या 290/एस 4 के पास मिला है। मृतक की पहचान वरुण चक्रवर्ती (70) के रूप में हुई। वह कांड्रा एसकेजी कॉलोनी में रहते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ वरुण चक्रवर्ती की मौत की जांच में जुट गयी है। चक्रवर्ती ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभायी थी।

## 18 रूपये बढ़े एलपीजी सिलेंडर के दाम



**नई दिल्ली:** साल के आखिरी महीने दिसंबर की पहली तारीख को एक बार फिर महंगाई का तगड़ा झटका लगा है और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इजाफा कर दिया है। तमाम शहरों में कंपनियों ने संशोधित दाम जारी कर दिए हैं, जिसके मुताबिक 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर करीब 18 रुपये तक महंगा हुआ है। हालांकि, 14 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें इस बार भी बिना बदलाव के स्थिर हैं।

एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में दिसंबर की पहली तारीख को किए गए बदलाव को देखें, तो दिल्ली से लेकर मुंबई और कोलकाता से लेकर चेन्नई तक 10 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़े हैं। 1 दिसंबर को देश की राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1818 ।50 रुपये का हो गया है, जो कि अब तक 1802 रुपये का मिल रहा था।

इसके अलावा अन्य महानगरों की बात करें, तो ये कॉमर्शियल सिलेंडर कोलकाता में अब 1927 रुपये का हो गया है, जो कि 1 नवंबर को हुए इजाफे के बाद 1911 ।50 रुपये का बिक रहा था। इसके साथ ही मुंबई में 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1754 ।50 रुपये थी, जो कि अब बढ़कर 1771 रुपये हो गई है। इसके अलावा चेन्नई में अब तक ये सिलेंडर 1964 ।50 रुपये का मिल रहा था, जो कि अब 1980 ।50 रुपये का हो गया है।

इससे पहले बीते महीने की पहली तारीख यानी 1 नवंबर को भी 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ाई गई थीं। लंबे समय से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, लेकिन 14 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है।

### छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई

# मुठभेड़ में सात माओवादी ढेर

## एके- 47 सहित अन्य हथियार बरामद



**मुलुगु (तेलंगाना):** तेलंगाना के मुलुगु जिले के इटुरनगरम वन क्षेत्र में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में प्रमुख नेताओं सहित सात माओवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, माओवादी विरोधी दस्ते के साथ समन्वय में तेलंगाना ग्रेहाउंड्स ने जंगल में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा बलों से मुठभेड़ होने पर माओवादियों ने कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बाद हुई गोलीबारी में सात माओवादी मारे गये। मृतकों की पहचान कुरसम मंगू उर्फ ??भद्रू उर्फ ??पपन्ना (35), एगोलापु मल्लैया उर्फ ??मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ ??करुणाकर (22), जय सिंह (25), किशोर (22), कामेश (23) के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल से दो एके-47 राइफल सहित आग्नेयास्त्र भी जब्त किए।



## विस्फोटकों के साथ छह नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर:** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी ने नडपल्ली के जंगल से छह नक्सलियों को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत उसूर थाना, कोबरा व सीआरपीएफ की साझा टीम एरिया डॉमिनेशन पर गलगम, नडपल्ली व फूटापल्ली की ओर निकली हुई थी। अभियान के दौरान नडपल्ली और फुटापल्ली के जंगल से छह नक्सली जन मिलिशिया सदस्यों को कल विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री व नक्सली साहित्य के साथ पकड़ा गया। इनमें लक्ष्मण दूधी (21), देवा सोढ़ी (37), नर्सिम्मा सुन्कर उर्फ नरसिम्हा शंकर (42), मोहनराव आउल (29) , नागराज शुकर (25) एवं गोपाल सुंकर (28) शामिल है। पकड़े गए नक्सलियों के विरुद्ध थाना उसूर में वैधानिक कार्यवाही के बाद कल न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

### तमिलनाडु-पुडुचेरी में बाढ़ जैसे हालात

## एयरपोर्ट में पानी भरने से कई उड़ानें रद, शिक्षण संस्थान बंद, तीन की मौत



**चेन्नई:** चक्रवात फेंगल के कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश हुई। तमिलनाडु में बारिश के कारण चेन्नई हवाईअड्डे को बंद करना पड़ा और शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। तूफान के कारण हुई भारी बारिश और तेज हवा से चेन्नई में उड़ान और ट्रेन सेवाएं बाधित हो गयीं। वहीं तीन लोगों के मौत की खबर है।

राजधानी शहर में कई अस्पतालों और घरों में भी पानी भर गया। तमिलनाडु के कई जिलों में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और शनिवार को क्षेत्र में आने वाले शक्तिशाली चक्रवाती तूफान से पहले सैकड़ों लोग अंतर्देशीय तूफान आश्रयों में चले गए हैं। बारिश से संबंधित एक घटना में, चेन्नई में एक एटीएम से नकदी निकालने की कोशिश कर रहे एक प्रवासी श्रमिक की कथित तौर पर बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। फेंगल इस सप्ताह की शुरूआत में श्रीलंका के तट से टकराया था, जिसमें छह बच्चों सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी। पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में, निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को हटा दिया गया और प्रशासन ने निवासियों को चक्रवात के लिए तैयार रहने के लिए आगाह करते हुए एसएमएस अलर्ट भेजा। चेन्नई हवाईअड्डे का एक हिस्सा जलमग्न हो गया और कई उड़ानें रद्द होने से सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए। हवाईअड्डे पर परिचालन रविवार सुबह चार बजे तक निलंबित रहेगा। हैदराबाद में भी कम से कम 20 उड़ानें रद्द कर दी गईं जो चेन्नई और तिरूपति से आने-जाने वाली सेवाएं थीं। सरकार ने 30 नवंबर को शैक्षणिक संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर दिया था। हवाईपट्टी और टैक्सीवे पर पानी भर जाने के बाद चेन्नई हवाईअड्डा प्रबंधन ने एक दिसंबर को तड़के चार बजे तक परिचालन निलंबित करने की घोषणा की। हवाईअड्डे को बंद किए जाने के कारण 50 से अधिक उड़ानें रद कर दी गईं। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

## कार-ट्रक की जबरदस्त टक्कर में पांच दोस्तों की मौत



**सरगुजः** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के उदयपुर इलाके के ग्राम गुमगा में स्कोडा कार और ट्रक की भीषण टक्कर में पांच दोस्तों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की हालत बेहद नाजुक थी जिसकी मेडिकल कालेज ले जाते वक्त रास्ते मे मौत हो गई। हादसा इस कदर भीषण था कि, कार सामने से पूरी तरह तबाह हो गई। कार को कटर से काटकर कार में फंसे युवकों का बाहर निकाला गया। घटना ग्राम गुमगा राष्ट्रीय राजमार्ग -130 पर हुई है। सुबह 5 बजे अदानी गेस्ट हाउस के पास, उदयपुर के नजदीक रायपुर से अंबिकापुर जा रही तेज रफ्तार कार ट्रक में घुस गई, जिससे यह गंभीर दुर्घटना घटी। सभी मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना स्थल पर उदयपुर पुलिस टीम मौजूद है और जांच की जा रही है। उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने बताया कि सभी युवकों के शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में रखा गया है। वहीं परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। परिजन अभी नहीं पहुंचे हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया जाएगा। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार, जिसकी तलाश की जा रही है।

## महाराष्ट्रः महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को,पीएम मोदी समेत तमाम नेता लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ऐलान किया है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा।

चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया, महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024 को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महायुति के सहयोगियों के साथ बैठक रद्द करके के बाद अपने गांव में मौजूद हैं। राज्य के अगले सीएम के चयन को लेकर एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी नेता अजित पवार ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की थी लेकिन तस्वीर अभी तक साफ नहीं हो पाई है।

इस शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेता और भाजपा शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। इस बीच प्रशासन ने नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 24 दिसंबर तक होने की संभावना है।

बीते दिनों महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, ह्लमैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। मैंने उनसे कहा कि सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई अड़चन नहीं है। आप निर्णय लीजिए, भाजपा जो निर्णय लेगी, उस निर्णय की तामिल हो जाएगी। मैं आज आप सबको कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री पद के बारे में जो निर्णय लेंगे और भाजपा का जो उम्मीदवार होगा, उसको शिवसेना का पूरा समर्थन होगा।

महाराष्ट्र में एनडीए की बड़ी जीत के बाद नागपुर में देवेंद्र फडणवीस को अगला सीएम बनाए जाने के पोस्टर लगे थे। वहीं इससे पहले बारामती में कुछ पोस्टर्स में प्रदेश के अगले सीएम के तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार को दिखाया गया था। वहीं शिवसेना के नेता और कार्यकर्ता एकनाथ शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में महायुति में सीएम पद को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महायुति में शामिल भाजपा ने 132, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है।

न्यूज ब्रीफ



## ऑल इंडिया एनसीसी ट्रैकिंग कैंप का आयोजन

**रामगढ़:** डीएवी पब्लिक स्कूल नया नगर बरकाकाना में आयोजित आठ दिवसीय ऑल इंडिया एनसीसी ट्रैकिंग कैंप (पतरातू-2024) का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बिहार एंड झारखंड डायरेक्टरेट सह ब्रिगेडियर राजेश कारेल, विशिष्ट अतिथि कमांडर कर्नल एस चक्रवर्ती, लेफ्टिनेंट डब्लूएल एंथोनी, डीएवी बरकाकाना प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद व अन्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने बताया कि कैंप का आयोजन 22 झारखंड एनसीसी बीएन ग्रुप हेडक्वार्टर हजारीबाग, बिहार एंड झारखंड डायरेक्टेड पटना कर रहा है। कैंप का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स में एक राज्य से दूसरे राज्य में जाकर क्षेत्र के पर्यावरण, क्षेत्रीय संस्कृति, कला, परंपरा, वन संरक्षण, पशु-पक्षियों, फूल की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही स्वास्थ्य, सफाई अभियान, डिसिप्लिन के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षित करना है। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट डब्लूएल एंथोनी ने बताया कि ट्रैकिंग शिविर के प्रथम दिन कैंप कमांडर तथा प्रशासनिक अधिकारी ने एनसीसी अधिकारियों के साथ बैठक में शिविर में होने वाली सम्पूर्ण गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की। कैडेट्स को शिविर में अनुशासन व एकता बनाए रखने तथा आसपास के वातावरण को साफ-स्वच्छ रखने के लिए निर्देश दिया गया। एनसीसी ट्रैकिंग कैंप के पहले दिन शनिवार को सीसीएल कॉलोनी बरकाकाना से मसमोहना पहाड़ी से लेकर बारीडीह तक करीब 18 किलोमीटर ट्रैकिंग कराया गया। जिसमें 300 सीनियर डिवीजन कैडेट्स और 210 जूनियर डिवीजन कैडेट शामिल थे।

## अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह की तैयारियां जोरों पर



**रांची :** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह की तैयारी काफी जोरों से प्रगति के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता अगुवाई में उनके द्वारा अनेकों राज्यों का तूफानी दौरा से सभी लोगों द्वारा साकारात्मक समर्थन मिलने से ये बात पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के शौंडिक समाज के बीच फैल गई है और चर्चा होनी शुरू हो गई है, की दिनांक 11 जनवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश में अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में आगत अतिथियों का महाजुटान पर उनके स्वागत सत्कार करने का अभिलाषा सौभाग्य रायपुर की धरती छत्तीसगढ़ में प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मैने दिल्ली,उत्तरप्रदेश, बिहार,झारखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश,तेलंगाना,कर्नाटक और मध्यप्रदेश जैसे प्रदेशों का दौरा के साथ संपर्क स्थापित कर कई स्थानों पर खुद जाकर वहां मौजूद सक्रीय भागीदारी निभाने वाले सभी पदाधिकारियों को रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश में 11 जनवरी 2025 दिन शनिवार को पहुंचने का निमंत्रण पत्र दिया है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल एवं मॉरिशस जैसे विदेशों में भी वहां मौजूद शौंडिक समाज के अगुवाओं को उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क स्थापित कर रायपुर छत्तीसगढ़ पधारने का आग्रह अनुरोध किया है। अभी तक जो सूचना मिल रहा है उसके अनुसार रायपुर छत्तीसगढ़ में सुंडी/ शौंडिक समाज का महाकुंभ लगने जा रहा है। उसी अनुपात में उनके ठहरने का मुकम्मल व्यवस्था रिसॉर्ट में किया गया है। संपर्क अभियान सह निमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम अभी एक पखवारा में छूटे बचे हुए अनेक जगहों पर किया जा रहा है जो कार्यक्रम के 15 दिन पहले तक जारी रहेगा। इस निमंत्रण पर वितरण कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के लोगों ने सामूहिक रूप मेहनत कर रहे हैं और पूरे प्रदेश में शौंडिक समाज के बीच एक साकारात्मक समर्थन मिल रहा है। अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संस्थापक स्व राय साहब बलदेव साहु के परिवार जनों से मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद साहु , धीरज प्रसाद साहु , अखिल भारतीय शौंडिक संघ के सभापति प्रो रामअवतार महतो ,महामंत्री श्याम सुंदर प्रसाद समाज के भीसंपितमः पूर्व शिक्षा मंत्री सह वर्तमान विधान परिषद सदस्य प्रो राम चंद्र पूर्वे , दिल्ली प्रदेश सुंडी समाज के महामंत्री रंजन कुमार , महाराष्ट्र मुंबई से रमेश राउत , झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ से वहां की पूरी प्रदेश कार्यसमिति से संरक्षक गण,अध्यक्ष, महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष, कार्यक्रम प्रभारी, पंच परगना सुंडी संघ, शौंडिक जागरण मंच सिल्ली, पश्चिम बंगाल सुंडी संघ तुलीन, राष्ट्रीय सुंडी समाज जमशेदपुर,सराइकेला, खरसावां गोड्डा साहेबगंज बोकारो रामगढ़ हजारीबाग कोडरमा, जिले के पदाधिकारीगण भी सभी अपने अपने स्तर से कार्यक्रम की तैयारी पर पूरी पैनी नजर रखने का काम कर रहे हैं। कुल मिलाकर 11 जनवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ में सभी महानुभाव का मिलन होने जा रहा है।

## स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

**बोकारो :** चास-तलगडिया मुख्य पथ पर बनगडिया ओपी क्षेत्र के रामराजा मंदिर के समीप शनिवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में चालक व स्कॉर्पियो पर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। बताया गया कि स्कार्पियो जेएच 01 एटी-2548 चास से तलगडिया स्टेशन की ओर जा रही थी। रामराजा मंदिर के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी को तोड़ते हुए झाड़ियों में घुस गई। स्कार्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**खलारी:** झारखंड पब्लिक स्कूल में सितम्बर महीने मे संपन्न हुए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के 350 लड़के एवं लड़कियों ने हिस्सा लिया था। विद्यालय प्रांगण में शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सह प्रखण्ड समन्वयक मिथिलेश प्रजापति, इनके सहायक ओमप्रकाश शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निर्देशक अभिषेक कुमार चौहान ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल हुए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चौहान ने कहा की विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की शुरूआत डकरा शक्ति पीठ के पूर्व परिवाजक स्वर्गीय रामविलास भारती जी के प्रयास शुरूआत किया गया था आज वह इस दुनिया में नहीं हैं पर उनकी दी हुई सिख विद्यालय के बच्चों के स्मृति पटल पर अभी भी जिन्दा है ।

### जेएमएम ने रखा मंत्रिमंडल का फॉर्मूला

# हर पांच विधायक पर होगा एक मंत्री, कांग्रेस को हो सकता है नुकसान

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला। इसी के साथ राज्य में एकबार फिर झामुमो गठबंधन की सरकार बन गई। हेमंत सोरेन चौथी बार मुख्यमंत्री बने। अब राज्य में मंत्रिमंडल के विस्तार पर चर्चा जारी है। मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर झामुमो नेता मनोज पांडे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वे झारखंड में एक संतुलित मंत्रिमंडल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। झामुमो नेता ने बताया कि पांच विधायकों पर एक नेता के फॉर्मूले पर चर्चा हुई। ऐसे में मंत्रियों की संख्या बढ़ जाएगी।



संतुलित मंत्रिमंडल बनाने का प्रयासः मनोज पांडे

झारखंड मंत्रिमंडल (कैबिनेट) के विस्तार पर झामुमो नेता मनोज पांडे ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, हमारे मुख्यमंत्री झारखंड में जल्द से जल्द एक संतुलित मंत्रिमंडल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि हमारे सहयोगी पार्टियों को विश्वास मिले कि वे भी निर्णय लेने में शामिल हैं। मुझे लगता है कि दो से तीन दिनों के भीतर मंत्रिमंडल का गठन हो जाएगा। हम यह सोच रहे हैं कि कैसे सभी वर्गों को प्रतिनिधि दिया जाए। हमारे में कैबिनेट में अनुभवी महिला सशक्तिकरण और युवा उत्साह शामिल होगा। सबसे महत्वपूर्ण चीज संतुलन है, जिससे कि सभी झारखंडी को लगे कि कैबिनेट में उनका प्रतिनिधित्व है।

मनोज पांडे ने कहा, पांच विधायकों पर एक मंत्री के फॉर्मूले पर चर्चा जारी है। ऐसे में हमारे मंत्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। एक कैबिनेट भी बढेगा। हमारे पास 34 विधायक हैं। कुल विधायकों की संख्या 56 हैं। अगर हम 11 मंत्रियों का गुणा करें तो 55 होते हैं। कैबिनेट को अंतिम रूप देने का यह एक आदर्श तरीका होगा, लेकिन यह उच्च स्तरीय अधिकारियों का निर्णय होगा। मैं सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच हुई चर्चा को साझा कर रहा हूं। झामुमो ने 34 सीटों पर हासिल की जीतः झामुमो नेता अंतिम निर्णय हेमंत सोरेन और इंडिया गठबंधन के नेता लेंगे। कांग्रेस भी बहुत संतुलित जो भी निष्कर्ष निकलेगा, वह सर्वसम्मत होगा। बता दें कि इस विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 34 पर जीत हासिल की। वर्ष 2019 में इतनी ही सीटों पर लड़कर उसे 30 सीट पर जीत मिली थी।

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी भावभीनी विदाई



मेट्रो रेज

**रांची:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 6 कर्मी श्याम नारायण महतो, महाप्रबंधक (एमएम), एमएम विभाग, रमाकांत पांडेय, महाप्रबंधक (एचआरडी), मानव संसाधन विभाग प्रफुल्ल नारायण राय, मुख्य प्रबंधक (ईएंडएम), जेएसएसपीएस; राकेश कुमार दराद, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), उत्खनन विभाग; महादेव राम, सब। इंजीनियर (ईएंडएम); गणेश कुमार तिवारी, वरीय भंडारपाल, टीए विभाग; पुष्पा लकरा, ओएस ए-1, पी एंड आईआर विभाग, राजदेव सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट ए-1, गांधीनगर अस्पताल, चंदेश्वर सिंह, ओएस ए-1 एवं जगेश्वर बेदिया, सहायक रिगमैन, लपंगा ड्रिलिंग कैंप को सीसीएल परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि नवंबर माह, 2024 में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।

अवसर विशेष पर सीएमडी, सीसीएल निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश कुमार झा सहित अन्य विभागों के महाप्रबन्धक/विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। इस फिल्म में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊँचाइयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी, सीसीएल निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों से कहा कि आप सभी लोग अपनी मेहनत, समर्पण और निष्ठा से न सिर्फ कंपनी को ऊँचाइयों तक पहुँचाया है, बल्कि कंपनी की पूरी तरह से कायाकल्प किया है। श्री सिंह ने कहा कि जीवन की दूसरी पारी में व्यायाम, तीर्थाटन, देश भ्रमण, सामाजिक कार्य के साथ-साथ अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करें। निदेशकगणों ने भी सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके इस यात्रा के सुखद समापन पे शुभकामनाएँ प्रेषित की और दूसरी पारी की बधाई दी।

मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्षा (कल्याण) रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनना हुआ शुरू



**रांची :** झारखंड में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने की शुरूआत हो गई है। इस योजना का लाभ 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को मिलेगा। इसके तहत झारखंड में 3,84,518 परिवारों के 5,66,246 बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किया जाएगा। इस कार्ड के तहत बुजुर्गों को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें उपचार को लेकर कोई वित्तीय चिंता नहीं रहेगी। सवा 6 करोड़ बुजुर्गों को मिलेगा लाभः इस योजना के तहत देशभर में कुल छह करोड़ 28 हजार पांच सौ छियासी वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा, जबकि झारखंड में 8,64,437 परिवारों में 11,54,024 बुजुर्ग नागरिकों के लिए कार्ड बनाए जाएंगे। इन परिवारों में से 4,79,919 परिवारों के लाभार्थियों के लिए पहले से आयुष्मान योजना के कार्ड जारी किए जा चुके हैं। झारखंड में बनना शुरू हुआ कार्ड, जानें क्या है प्रक्रियाः वय वंदना कार्ड बनाने के लिए बुजुर्गों को केवल आधार कार्ड की जरूरत है। उन्हें अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या प्रज्ञा केंद्र पर जाकर कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध है। 70 साल और उससे अधिक आयु वाले बुजुर्ग ऑनलाइन भी अपना कार्ड बनवा सकते हैं। सरकारी कर्मचारियों के लिए भी विकल्पः जो बुजुर्ग केंद्र या राज्य सरकार से रिटायर हुए हैं और पहले से किसी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें वय वंदना कार्ड और वर्तमान स्वास्थ्य योजना में से एक विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा।

**इन बीमारियों में मिलेगी सुविधा** : वय वंदना कार्ड से जुड़े बुजुर्गों को अनेक प्रमुख चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जैसे की कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, कूल्हे और घुटने की सर्जरी, पित्ताशय की सर्जरी, मोतियाबिंद ऑपरेशन, प्रोस्टेट सर्जरी, स्ट्रोक, हर्निया, हेमोडायलिसिस, और कार्डियक पेसमेकर जैसी जटिल चिकित्सा प्रक्रियाएं। झारखंड में निबंधित अस्पतालः इस योजना के तहत झारखंड में 566 सरकारी और सार्वजनिक अस्पताल तथा 240 निजी अस्पताल निबंधित हैं।



## घर में घुसकर अपराधियों ने युवक को मारी गोली, मौत

**हजारीबागः** अपराधियों ने घर में घुसकर एक युवक की सिर में गोली मार दी। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। यह घटना जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के चेपाकला में हुई है। जहां अपराधियों ने घर में घुसकर प्रकाश ठाकुर नाम के एक युवक को गोली मार दी। अपराधियों ने बीती रात करीब साढ़े 11 बजे घटना को अंजाम दिया। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से भाग निकलने में कामयाब रहे। गोली किसने और क्यों मारी, इस बात का खुलासा फिलहाल नहीं हो पायी है। घटना की फैली खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। मिली सूचना पर डाड़ीकला ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। प्रकाश का शव कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## पतरातू डैम पर पिकनिक मनाने जुटने लगे लोग

**पतरातूः** नव वर्ष के आगमन के मौके पर पिकनिक मनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। पतरातू डैम के दक्षिणी छोर कटुआ कोचा पर पिकनिक मनाने वालों की टोली पहुंचने लगी है। लोग यहां दिनभर पिकनिक मनाते हैं और खूबसूरत वादियों में सैर सपाटा करते हैं। रांची, रामगढ़, हजारीबाग क्षेत्र से कई टोलियां शनिवार को पिकनिक मनाने डैम पहुंची थी। यहां पहुंचने वाले लोगों को पतरातू लेक रिसोर्ट, नेतुआ टापू, पिठोरिया घाटी व पलानी झरना खूब भा रहा है। घंटों तक लोग पतरातू डैम में नौका व स्पीड बोट का आनंद उठा रहे हैं। डैम के पानी के ऊपर उड़ने वाले प्रवासी पक्षी भी लोगों का मन मोह रहे हैं। लेक रिसोर्ट का पार्क भी लोगों को पसंद आ रहा है। पतरातू-पिठोरिया घाटी की खूबसूरती को निहारने व घाटी की खूबसूरती के साथ लोग तस्वीरें लेने में व्यस्त हो गये हैं। पतरातू डैम के नेतुआ टापू पर नाव या स्पीड बोट से पहुंचकर लोग घंटों तक समय गुजार रहे हैं। शनिवार को पिकनिक मनाने रांची से पहुंचे नरेश सिन्हा, रूपेश अग्रवाल, दिनेश कुमार ने बताया कि इस जगह पर चाहे जितनी बार आ जायें, मन नहीं भरता है। यहां बार-बार आने को जी करता है। अभी भले ही हमलोग पिकनिक मनाने पहुंचे हैं, लेकिन साल में तीन-चार बार सैर सपाटे के लिए भी जरूर आ जाते हैं। यहां की खूबसूरती दीवाना बना देती है। जनवरी में भी यहां आने की प्लानिंग है। मालूम हो कि दिसंबर से लेकर जनवरी महीने तक यहां पिकनिक मनाने वालों की काफी भीड़ उमड़ती है।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय कमिटि की घोषणा

# महेश्वर साहु बने केंद्रीय अध्यक्ष,कई नये सदस्यों को मिला मौका

### 8 दिसंबर को रांची में होगा शपथ ग्रहण

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की 70 सदस्यीय केंद्रीय कमिटि की आज घोषणा कर दी गयी । केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने आज रांची के सर्कुलर रोड स्थित अप्सरा सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये इसकी जानकारी देते हुए कहा कि स्थापना दिवस सह कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद केंद्रीय कमिटि का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि नये, सक्रिय एवं समर्पित सदस्यों को आगे बढ़ाया जा सके। 75 सदस्यीय केन्द्रीय समिति में पांच विभिन्न पद रिक्त भी रखे गये हैं। जबकि जिलाध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ संगठनों की घोषणा 7 दिसंबर को किया जायेगा।




**जारी सूची के अनुसार**

केंद्रीय अध्यक्षः महेश्वर साहु (भुरकुंडा),

कार्यकारी अध्यक्षः रेखा मंडल (धनबाद), हीरानाथ साहु (कांके) एवं मोहन साव (गोमिया),

वरीय उपाध्यक्षः रामसेवक प्रसाद अधिवक्ता (बरकट्ठा), अश्विनी कुमार साहु (अरगोड़ा), संजीव चौधरी (रांची), सुरेश साहु (ओरमांझी), ढ़लन साव (बड़कागांव), डॉ माधवचंद्र मंडल (गोविंदपुर), हरेलाल मंडल (जमशेदपुर), अनंतलाल विश्वकर्मा (चाईबासा),

केंद्रीय उपाध्यक्षः योगेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), प्रमोद चौधरी (देवघर), लक्ष्मण साहु (ओरमांझी), परशुराम प्रसाद (अधिवक्ता, रांची), प्रेमशंकर भगत (चंदवा), सहदेव चौधरी (अधिवक्ता, हाइकोर्ट), दिनेश्वर साहु (मांडू),

प्रधान महासचिवः इंदु भूषण गुप्ता (रांची),

उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ताः उपेन्द्र प्रसाद (बिजूपाड़ा), अशोक गुप्ता (ओरमांझी)

केंद्रीय महासचिवः आदित्य नारायण प्रसाद (पतरातू), कपिल प्रसाद साहु (रांची), दिनेश्वर मंडल (गोमिया), नंदलाल साहु (जमशेदपुर), बद्री भगत (महगामा), दिलीप प्रसाद (धुर्वा), शत्रुघ्न मंडल (बगोदर), विष्णु मंडल (घोरमारा), कंचन साहु (गढ़वा), रामाशंकर राजन (हेसालौंग)

केंद्रीय संगठन महासचिवः कृष्णा प्रसाद साहु (कांके), रोहित शारदा (रांची), अनिल वैश्य (पंडरा), केंद्रीय सचिव- गुड्डु साहा (पंडरा), शिवनंदन प्रसाद (अरगोड़ा), राजीव कुमार (सिमरिया), ध्रुव साह (देवघर), रामेश्वर मंडल (कथारा), रमेश प्रसाद साहु (सौंदा बस्ती), सुमन जायसवाल (सोनाहातू),

केंद्रीय संगठन सचिव- लखन अग्रवाल (गोला), राजेश्वर साव (गोमिया), राजेन्द्र साहु (टंडवा), जगदीश साहु (लोहरदगा), राजाराम प्रसाद (बलकुदरा), अरुण कु। गुप्ता (पंडरा), आर।डी। साहु (ललपनिया), उपेन्द्र गुप्ता (भदानीनगर), जयकांत मंडल (सोनारायठाड़ी), लगनू साहु (बुड़मू),

कोषाध्यक्ष- राजेन्द्र प्रसाद साहु (बुकरू),

मीडिया प्रभारी- राहुल कुमार साहु (कांके), कार्यकारणी सदस्य- डॉ। अरविंद कुमार (कांके), महाबीर साहु (बुड़मू ), नरेश साहु (सुकुरहुट्टू), प्रमोद गुप्ता (रामगढ़), हलधर साहु (कांके), भुनेश्वर साव (भुरकुंडा), नम्रता सोनी (रांची), पूनम जायसवाल (रांची), मीनू कुमारी (पोचरा), दीपारानी कुंज (धुर्वा), मुकेशलाल सिंदूरिया (भुरकुंडा), युवराज कुमार (अरगोड़ा), हृदय प्रसाद साहु (कांके), नीलम देवी (देवघर), संजय कुमार साहु (ओरमांझी) एवं उदय गुप्ता (लोहरदगा) को बनाया गया है। इन सभी पदाधिकारियों का आगामी 8 दिसंबर को रांची में शपथ ग्रहण कराया जायेगा। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि किसी भी लड़ाई को लड़ने के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है। जिन्हें केंद्रीय समिति में शामिल किया गया है, वे समाज के लिए चिंता करने वाले लोग हैं। कई लोग झारखंड आंदोलनकारी भी हैं। अब वैश्यों के हक-अधिकार, रोजगार और सम्मान की लड़ाई को तेज किया जाएगा। श्री साहु ने कहा कि अभी-अभी झारखंड में नई सरकार का गठन किया गया है और हेमंत सोरेन फिर एक बार मुख्यमंत्री बने हैं। वैश्य मोर्चा उनको बधाई देती है और उम्मीद करती है कि वे बेहतर काम करेंगे। वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर चुनाव में किये गये वायदे को पूरा करने के लिए सकारात्मक पहल करने का आग्रह करेगी।

# आलू सप्लाई पर रोक
# मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, समाधान का मुख्य सचिव को दिया निर्देश

मेंट्रो रेज

**रांची:** पश्चिम बंगाल की ओर से आलू के वाहनों को सीमा पर रोके जाने के मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। झारखंड के मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड की सीएस ने बंगाल से बात की।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य सचिव अलका तिवारी से कहा है कि इस मामले का हल तत्काल निकालें। सीएम का निर्देश मिलते ही सीएस ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से बात की और इस मामले का हल निकालने के लिए कहा।





**बंगाल में बनेगी कमेटी:** पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव ने झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एक कमेटी का गठन करके आलू की सप्लाई रोके जाने के मामले का निष्पादन किया जाएगा। पश्चिम बंगाल ने आलू के ट्रकों को झारखंड जाने से रोक दिया, जिसकी वजह से आलू की कीमतें बढ़ गईं हैं।

**ग्राहक ऊंची कीमत से परेशान, आलू सड़ने से व्यवसायी परेशान:** दूसरी ओर, आलू को सीमा पर रोके जाने की वजह से ट्रक में आलू सड़ने लगे हैं। एक ओर झारखंड के आम लोग आलू की ऊंची कीमतों से परेशान हैं, तो दूसरी ओर आलू व्यापारी भी नुकसान झेलने को विवश हैं। बंगाल सरकार ने कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए अन्य राज्यों को आलू की सप्लाई बंद कर दी है।

# रांची की जनता व्हाट्सएप पर 24*7 कर सकेगी शिकायत, कल से शुरू होगा नंबर

### उपायुक्त पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनता की समस्याओं पर लगातार कर रहे हैं चर्चा

**रांची:** डीसी मंजूनाथ भजंत्री पदभार लेने के बाद रेस हो गये हैं। वे लगातार पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनता की समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं। शिकायत लेकर समाहरणालय पहुंचने वाली जनता को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसको लेकर भी डीसी ने पदाधिकारियों को कई निर्देश भी दिये हैं। डीसी के निर्देश पर जिला प्रशासन आम जनों की शिकायतों के लिए एक व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी कर रहा है, जिसमें जनता अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगी। यह नंबर सोमवार (2 दिसंबर) से शुरू होगा। इस नंबर पर रांची की जनता 24*7 शिकायत कर सकेंगी। संबंधित विभाग लोगों की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेगा और उसका समाधान करेगा। इसके लिए तीन पारियों में दो-दो कर्मियों और पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।



**हर सप्ताह शिकायतों की होगी समीक्षा:** प्रत्येक सप्ताह के शनिवार के दिन जनता के शिकायतों की समीक्षा की जायेगी। इसमें लोगों से प्राप्त होने वाले शिकायतों को ससमय निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा जायेगा। शिकायत पर की गयी कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन समय-समय पर उपलब्ध कराना होगा।

**जिला जन शिकायत कोषांग में जमा होंगे ऑफलाइन आवेदन:** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला जन शिकायत कोषांग भी रेस हो गया है। जिला जन शिकायत कोषांग समाहरणालय ब्लॉक-ए के कमरा सं- 220 में हैं। डीसी ने आम जनता को अपनी शिकायत को लेकर रांची जिला जन शिकायत कोषांग में आवेदन जमा करने की अपील है। उन्होंने जनता से आवेदन की रिसीविंग भी लेने को भी कहा है। इसके बाद कोषांग प्राप्त आवेदन पर यथाशीघ्र नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

# आईपीएस अजय भटनागर हुए रिटायर अगले दो माह में तीन डीजी होंगे सेवानिवृत

**रांची :** झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय भटनागर शनिवार (30 नवंबर) को सेवानिवृत हो गये। अजय भटनागर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे। वहीं अगले दो महीने के दौरान झारखंड पुलिस के तीन डीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी भी सेवानिवृत हो जायेंगे। तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह व एम मीणा जनवरी 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी 2025 को रिटायर होंगे।

नये साल के पहले दिन यानी एक जनवरी 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं।




# रेलवे की जमीन खाली करने का आदेश

**रांची:** जिले के तुपुदाना क्षेत्र में स्थित पिठिया टोली के निवासियों को रेलवे प्रशासन ने नोटिस जारी कर रेलवे की जमीन खाली करने का आदेश दिया है। यह नोटिस मिलने के बाद 50 सालों से रेलवे की जमीन पर बसे इन ग्रामीणों के सामने बेघर होने का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर एक बैठक आयोजित की और इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के हटिया मंडल अध्यक्ष राम मनोज साहू के नेतृत्व में विधायक नवीन जायसवाल से मुलाकात की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से हटिया के पिठिया टोली में रेलवे लाइन के किनारे रह रहे हैं और यहां उनके घर बसे हुए हैं।

# भारतीय एकता कमेटी ने जरूरतमंदो के बीच बांटा कंबल

मेंटो रेज

**रांची :** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में मुख्य कार्यालय कर्बला टैंक रोड में दूसरी बार जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया । पहले में 30 और दूसरे में 40 टोटल 70 कंबल का अब तक वितरण किया गया है। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि मानवता इंसानियत से बड़ा कुछ भी नहीं होता। आपके पास करोड़ों रूपया है लेकिन जरूरतमंद बीमार गरीब को मदद नहीं करते हैं तो आपका धन बेकार है सब कुछ पड़ा रह जाएगा जब लाद चलेगा बंजारा ! इंसान को अपना दिल बड़ा रखना चाहिए आपका दिल बड़ा रहेगा तो आप जरूर गरीब जरूरतमंद को मदद कीजिएगा और आपको गरीब बीमार जरूरतमंद लोगों की दुआएं लगेगी और आपका कामयाबी कदम चूमेगी आज के कंबल वितरण में सुमन जी के तरफ से 20 कंबल और पीसी सेठी की तरफ से 10 कंबल दिया गया। शुभ कार्य में मदद करने के लिए भारतीय एकता कमेटी ने आभार व्यक्त किया । सचिव रामेश्वर राम ने कहा कि अभी और जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया जाएगा बहुत लोग बाकी है जरूर कंबल दिया जाएगा महासचिव बुलंद अख्तर और पूर्व पार्षद मोहम्मद शकील भाई ने भारतीय एकता कमेटी की प्रशंसा की और कहा के बेशक भारतीय एकता कमेटी लगातार 33 वर्षों से बिना सरकारी मदद लिए हुए गरीब बीमार जरूरतमंदों की सेवा कर रहा है और आगे भी करता रहेगा सभी धर्म समुदाय से भारतीय एकता कमेटी के शुभ कार्य में सहयोग की अपील की जाती है किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है।




# अपराधियों ने भारत पेट्रोलियम की ट्रक में लगाई आग



**रांची:** ओरमांझी थाना क्षेत्र के हुटपा गांव में अपराधी गिरोह ने फायरिंग और आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने भारत पेट्रोलियम की ट्रक में आगजनी की। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने के बाद डीएसपी अनुज उरांव, ओरमांझी थाना प्रभारी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच का जांच कर रही है।

# अखंड हरि कीर्तन 11 दिसंबर को

**रांची:** आज माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर बांस टोली,इटकी रोड रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि 11 दिसंबर 2024 को अखंड हरि कीर्तन (24 घंटा)

12 दिसंबर 01 बजे दिन मे समापन एवं 03 बजे से महाभंडारा का आयोजन मंदिर परिसर में किया जायेगा। जिसमें मशहूर मां कालेश्वरी कीर्तन मंडली ग्रुप हंटरगंज,जोरी के बसंत लाल माधव,रविंद्र शर्मा,सरयून यादव,कालेश्वर यादव,सूर्यदेव यादव आदि आदि भक्तों द्वारा भक्तिमय अखंड हरि सिंह(24 घंटा)पेश की जाएगी।इसकी सहमति प्राप्त हो गई है। आज की बैठक में मुख्यरूप से मंदिर के पुजारी सुबोध कुमार मिश्रा,सरयू शर्मा,केपी यादव, जयप्रकाश सिंह,रमाकांत शर्मा, शिव किशोर शर्मा,संतोष शर्मा,सत्यानंद शर्मा,विजय कुमार गुप्ता,नीलेश शर्मा,चंदन विश्वकर्मा,सुरेंद्र कुमार शर्मा,माधुरी देवी,ब्यूटी शर्मा,ललिता देवी,स्वीटी शर्मा,निभा मिश्राव अन्य शामिल थे।



वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



अज्ञात महिला महिला का शव

उपरोक्त अज्ञात महिला का शव बड़ा बाजार पुरुलिया थाना (पं0 बंगाल) अन्तर्गत तसरबांकी पुल के पास कुमारी नदी के किनारे दिनांक–16.10.2024 को समय करीब 09:00 बजे बरामद हुआ है। उक्त महिला का हत्या किए जाने की आशंका है जिसके संबंध में बड़ाबाजार पुरुलिया (प0बंगाल) थाना काण्ड सं0–180/2024 दिनांक–16.10.2024 धारा–103(1)/238 बी0एन0एस0 दर्ज किया गया है। उक्त काण्ड का अनुसंधान हेतु अज्ञात महिला शव का पहचान किया जाना अति आवश्यक है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक, पुरुलिया (पं0 बंगाल) – 03252–222304
बड़ाबाजार थाना, पुरुलिया, (पं0 बंगाल) – 9932093434

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 340893 Police (24-25)_D

# प्राकृतिक व जैविक खेती अपनाएं सेहत में लाएं सुधार : डॉ मीनाक्षी सिंह

### नंदिनी गिर फार्म्स के आर्गेनिक उत्पादों की बढ़ रही मांग
### लोगों को भा रहा गिर गाय का दूध, दही, पनीर, खोवा और पेड़ा

मेट्रो रेज

**रांची:** आर्गेनिक उत्पादों की मांग दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, क्योंकि लोग अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं। उक्त बातें शहर की ख्यातिप्राप्त दंत रोग विशेषज्ञ व पर्यावरण प्रेमी डॉ मीनाक्षी सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि आर्गेनिक उत्पादों के कई लाभ हैं। प्राकृतिक व जैविक तरीके से बिना रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं के प्रयोग के उपजाए गए उत्पाद (अनाज, फल व सब्जियां आदि) स्वादिष्ट व पौष्टिकता से परिपूर्ण होते हैं। यह मानव स्वास्थ्य के लिए काफी बेहतर होता है। आर्गेनिक उत्पादों में किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और अन्य हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।



आर्गेनिक उत्पादों का उत्पादन पर्यावरण के अनुकूल तरीके से किया जाता है, जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता है।

आर्गेनिक उत्पाद स्वादिष्ट और गुणवत्तायुक्त होते हैं, क्योंकि यह प्राकृतिक और जैविक तरीकों से उत्पादित किया जाता है।

डॉ मीनाक्षी ने बताया कि आर्गेनिक उत्पादों में एलर्जी और संवेदनशीलता में कमी होती है, क्योंकि इनमें किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और अन्य हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मोटे अनाज जैसे कि रागी, बाजरा, ज्वार, मड़वा आदि स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होते है। मोटे अनाज (मिलेट) में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन में सुधार करने में मदद करती है। वजन कम करने में भी सहायक होता है। रागी में कम कैलोरी और अधिक फाइबर होता है जो वजन कम करने में सहायक है।

मिलेट्स में एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद मदद करता है। रागी में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। मोटे अनाजों में मौजूद पोटैशियम और मैग्नीशियम हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक होता है।



# मुख्यमंत्री से मिले फिरोज अली, दी बधाई

**रांची:** हेमंत सोरेन झारखंड के 14 मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार झारखंढ के सीएम बने। राज्य की जनता ने अपना भरपूर समर्थन देते हुए पुनः हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया महागठबंधन की सरकार बनाई। 28 नवंबर दिन गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल महामहिम संतोष गंगवार ने हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्र समिति सदस्य फिरोज अली ने कही। श्री अली आज रांची में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हुए नई सरकार के गठन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची

ई0–निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कारा का नाम | बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची। |
| 2 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार की खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.01.2025 से 31.03.2025 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non- Refundable) स्वीकार की जायेगी। | 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–12.12.2024 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 17.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 5 | निविदा online upload करने की तिथि। | तिथि–12.12.2024 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 17.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–18.12.2024 को पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) (2500/- से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–18.12.2024 को पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/ स्थान | तिथि–20.12.2024 को पूर्वाह्न–11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, विधि–व्यवस्था की उपस्थिति में। |

1- उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट –http://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2- निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3- अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, रॉंची के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा,
होटवार, रॉंची।

PR340904 (Prison) 24-25 (D)

# कुम्भलगढ़ पर्यटन स्थल: राजस्थान का ऐतिहासिक किला और धरोहर



राजस्थान का कुम्भलगढ़ किला भारतीय इतिहास और स्थापत्य कला का एक अद्वितीय उदाहरण है। यह किला राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित है और यह भारतीय किलों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कुम्भलगढ़ किला अपनी विशाल दीवारों, भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के कारण प्रसिद्ध है। यह किला केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि राजस्थान की शाही धरोहर का प्रतीक भी है। कुम्भलगढ़ को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। आइए, जानते हैं कुम्भलगढ़ के प्रमुख आकर्षण और इसके महत्व के बारे में।

**1. कुम्भलगढ़ किला**

कुम्भलगढ़ किला, जिसे ह्यराजस्थान का ग्रेट वॉलह्न भी कहा जाता है, कुम्भलगढ़ पहाड़ी पर स्थित है। यह किला 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा द्वारा बनवाया गया था और यह किला मेवाड़ साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण किला था। किले की दीवारें लगभग 36 किलोमीटर लंबी हैं, जो इसे दुनिया की दूसरी सबसे लंबी किलावाली दीवार बनाती हैं, केवल चीन की दीवार के बाद। कुम्भलगढ़ किले का किला परिसर बहुत विशाल है और इसमें कई महल, मंदिर और जलाशय हैं। किले की दीवारों पर चढ़कर आप कुम्भलगढ़ और आसपास के क्षेत्र का शानदार दृश्य देख सकते हैं।

**2. बड़ी सीढ़ियाँ**

कुम्भलगढ़ किले की विशाल दीवारों के आसपास बड़ी सीढ़ियाँ हैं, जिन पर चढ़ते हुए पर्यटक किले के विभिन्न हिस्सों को देख सकते हैं। इन सीढ़ियों से किले के भीतर के अन्य महलों और संरचनाओं का दृश्य अद्भुत होता है। किले की दीवारों पर बनी मजबूत संरचना यह दर्शाती है कि किले का निर्माण युद्ध की दृष्टि से बहुत ही मजबूत और प्रभावशाली था।

**3. कुम्भलगढ़ किला के महल**

कुम्भलगढ़ किले में कई महल स्थित हैं, जिनमें सबसे प्रमुख महल राणा कुम्भा महल है। इस महल का वास्तुशिल्प राजपूत शैली का अद्भुत उदाहरण है। इस महल में राजपूत शाही परिवार के लिए शानदार कक्ष, जलाशय और स्विमिंग पूल भी बनाए गए थे। महल के अंदर एक संग्रहालय भी है, जहाँ कुम्भलगढ़ किले के इतिहास और यहां रहने वाले शासकों के बारे में जानकारी मिलती है।

4. कुम्भलगढ़ के मंदिर

कुम्भलगढ़ किले के भीतर कई मंदिर स्थित हैं, जो किले की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं। इनमें से कुछ प्रसिद्ध मंदिरों में लक्ष्मी नारायण मंदिर और सिद्धनाथ मंदिर हैं। इन मंदिरों में प्राचीन मूर्तियों और शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है। ये मंदिर दर्शाते हैं कि कुम्भलगढ़ सिर्फ एक किला ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थल था।

**5. कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य**

कुम्भलगढ़ किले के आसपास स्थित कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, एक शांतिपूर्ण और प्राकृतिक स्थल है। यहाँ की घने जंगलों में विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु और पक्षी पाए जाते हैं। पर्यटक यहाँ जैव विविधता का आनंद ले सकते हैं और जंगली जीवन के करीब जा सकते हैं। अभयारण्य में ट्रैकिंग और अन्य साहसिक गतिविधियाँ भी उपलब्ध हैं।

**6. कुम्भलगढ़ किले का सूर्यास्त**

कुम्भलगढ़ किला सूर्यास्त के समय बेहद सुंदर नजर आता है। किले की दीवारों पर चढ़कर सूर्यास्त का दृश्य देखना एक अद्भुत अनुभव होता है। यह दृश्य न केवल मनोहक है, बल्कि यह पर्यटकों को शांति और सुकून का अनुभव भी कराता है।

**7. कुम्भलगढ़ में फेस्टिवल्स और इवेंट्स**

कुम्भलगढ़ किले में समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, महोत्सव और प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं। यहाँ का कुम्भलगढ़ महोत्सव एक प्रमुख उत्सव है, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक संगीत, नृत्य और शिल्पकला का प्रदर्शन किया जाता है। यह महोत्सव किले के ऐतिहासिक महत्व को फिर से जीवित करता है और पर्यटकों को एक शानदार सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

## कैसे पहुंचे कुम्भलगढ़?

हवाई मार्ग: कुम्भलगढ़ का निकटतम एयरपोर्ट उदयपुर में स्थित है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 85 किलोमीटर दूर है। उदयपुर से टैक्सी या बस द्वारा कुम्भलगढ़ पहुंचा जा सकता है।
रेल मार्ग: कुम्भलगढ़ का निकटतम रेलवे स्टेशन नाथद्वारा रेलवे स्टेशन है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित है। आप नाथद्वारा स्टेशन से कुम्भलगढ़ के लिए टैक्सी ले सकते हैं।
सड़क मार्ग: कुम्भलगढ़ सड़क मार्ग से भी अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। उदयपुर, राजसमंद और अन्य प्रमुख शहरों से कुम्भलगढ़ के लिए बसें और टैक्सियाँ उपलब्ध हैं।

## सर्वोत्तम समय

कुम्भलगढ़ घूमने का सर्वोत्तम समय अक्टूबर से मार्च के बीच होता है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहाँ का तापमान बहुत बढ़ सकता है, इसलिए इस मौसम में यात्रा करने से बचना चाहिए। कुम्भलगढ़ किला राजस्थान का एक अद्भुत पर्यटन स्थल है, जो ऐतिहासिकता, वास्तुकला, और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहाँ का किला, मंदिर, वन्यजीव अभयारण्य और सूर्यास्त के दृश्य पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। कुम्भलगढ़ ना सिर्फ एक ऐतिहासिक स्थल है, बल्कि यह शांति, सुंदरता और रोमांच का भी एक बेहतरीन मिश्रण है। अगर आप राजस्थान की समृद्ध धरोहर को जानने के इच्छुक हैं, तो कुम्भलगढ़ एक बेहतरीन यात्रा स्थल है।

# सर्दियों में अजवाइन के सेवन से शरीर को मिलते हैं गजब फायदे

अजवाइन के बीजों का सेवन कई तरह से किया जाता है। मसाले के मिश्रण के तौर पर करी में प्रयोग किया जाता है। अजवाइन उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अजवाइन में कई तरह को पोषक तत्व पाए जाते है, जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं और सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अजवाइन का सेवन आप विभिन्न तरीके से करते हैं। आइए अजवाइन के सेवन से क्या फायदा होता है।

पाचन को बढ़ावा देता है ल्लएसिडिटी, अपच और गैस सहित पाचन समस्याओं के इलाज के लिए अजवाइन का सेवन किया जा सकता है। अजवाइन के सक्रिय एंजाइम गैस्ट्रिक जूस उत्पादन को बढ़ाकर पाचन को बढ़वा देते हैं। अगर आप भी पेट संबंधित समस्याओं से परेशान रहते हैं, तो इनका सेवन कर सकते हैं।

**खांसी और सर्दी पर असरदार**

अजवाइन में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते है, जो खांसी विरोधी दवा माना जाता है। यह तुरंत राहत प्रदान करती है। नाक की रुकावट को खोलने में भी मदद करता है। जिन लोगों को सांस संबंधी समस्याएं, वो लोग अजवाइन का सेवन जरुर करें।

त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करता है

अजवाइन में एंटी- इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इसके इस्तेमाल से सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान के साथ-साथ झुर्रियां, महीन रेखाएं, धब्बे, काले घेरे को ठीक करता है। यह मुंहासों और फुंसी के दागों को कम करने और त्वचा को सॉफ्ट और चमकदार बनाता है।

**संक्रमण से लड़ता है**

इन बीजों में जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुण भी होते हैं जो चोट के बाद संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद कर सकते हैं। अजवाइन का सेवन करने के तरीके यहां बताएं गए हैं

**अजवाइन का पानी पिएं**

एक गिलास पानी में एक चम्मच अजवाइन डालकर उबालें। अजवाइन को छान लें और सुबह खाली पेट पानी का सेवन करें।

**शहद के साथ अजवाइन**

एक चम्मच अजवाइन और एक चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण का सेवन रोजाना नाश्ते से पहले करें। शहद चीनी की आवश्यकता के बिना मिठास प्रदान करता है और वजन प्रबंधन में सहायक होता है।

**नींबू के रस के साथ अजवाइन**

रात भर अजवाइन को पानी में भिगो दें। फूले हुए बीजों को एक गिलास गर्म पानी और एक चम्मच नींबू के रस के साथ मिलाएं और सुबह इसे पी लें।





# सर्दियों में खोए नूर को ऐसे पाएं वापस, खिल उठेगा चेहरा

**सर्दियों** में हमारी स्किन को एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। वहीं जब स्किन का सही से ध्यान नहीं रखा जाता है, तो इसका निखार खोने लगता है और चेहरा डल पड़ने लगता है। हम सभी सर्दियों में फेस को मॉइश्चराइज करने के लिए कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इससे चेहरे का रूखापन भले ही थोड़ी देर के लिए चला जाता है, लेकिन साथ ही चेहरे का निखार भी जाने लगता है। अगर सर्दियों में आपके चेहरे का नूर भी खो जाता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से आप घर पर ही पार्लर जैसा निखार पा सकते हैं।

**शहद :** फेस पर शहद लगाने से आपका खोया हुआ निखार वापस आ सकता है। वहीं सर्दी के मौसम में चेहरे को मॉइश्चराइज करने का यह एक अच्छा घरेलू तरीका भी माना जाता है। शहद की मदद से आप अपने चेहरे की खोई हुई रंगत को भी वापस पा सकती हैं। साथ ही चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों और झुर्रियों को भी यह गायब करने का एक अच्छा ऑप्शन है।

**बेसन :** बता दें कि त्वचा के लिए बेसन एक अच्छा घरेलू तरीका माना जाता है। इससे आप घर पर ही पार्लर जैसा निखार पा सकते हैं। चेहरे पर बेसन और हल्दी में कच्चा दूध मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। फिर इसको फेस पर अप्लाई करें और 15 मिनट तक सूखने दें। अब पानी से फेसवॉश कर लें। इससे फेसपैक से आप अपनी त्वचा में खुद बदलाव देख सकेंगी। एक्सपर्ट की मानें, तो बेसन और हल्दी का पेस्ट स्किन के लिए काफी अच्छा होता है।

**नींबू :** रूखेपन को दूर करने और खोए हुए निखार को वापस पाने के लिए आप नींबू का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्योंकि नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है और यह स्किन के लिए भी काफी गुणकारी माना जाता है। आप अपने चेहरे पर नींबू की सहायता से निखार पा सकते हैं।

**पपीता :** स्किन का निखान बढ़ाने के लिए आप चेहरे पर पपीते का पेस्ट भी लगा सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो फेस पर पपीते का पेस्ट लगाना काफी अच्छा होता है। पपीते का पेस्ट चेहरे पर अप्लाई करने से रंगत में भी सुधार होता है।

**एलोवेरा जेल :** स्किन के अलावा बालों के लिए भी यह काफी अच्छा माना जाता है। अगर आप सर्दियों में अपने चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाते हैं, तो आप अपना खोया निखार वापस पा सकते हैं। इसके लिए आपको सप्ताह में दो बार अपने फेस पर एलोवेरा जेल अप्लाई करना चाहिए।

# सर्दियों में बार-बार एक्ने-पिंपल कर रहे हैं परेशान तो ऐसे पाएं छुटकारा

सर्दी के मौसम में सबसे ज्यादा पिंपल्स की समस्या बढ़ने लगती है। ऑयली स्किन और ड्राई स्किन वालों को एक्ने की समस्या झेलने पड़ती है। जिस कारण से सीबम का प्रोडक्शन हो सकता है। विंटर में बाहरी हवा की वजह से स्किन ड्राई होने लगती है। जिससे ऑयली स्किन और ड्राई स्किन वालों की भी एक्ने की समस्या बढ जाती है।
जानें एक्न-पिंपल्स कैसे पाएं छुटकारा



**चेहरे को बार-बार न छुएं**

स्किन की ड्राईनेस दूर करने के लिए मॉइश्चराइज करना जरुरी होता है। सर्दियों में हीटर, ब्लोअर में रहने, गर्म पानी से मुंह धोने की वजह से स्किन का हाइड्रेशन खत्म होने लगता है। स्किन को ड्राईनेस से जरुर बचाएं।

**एलोवेरा जेल लगाएं**

अगर आप भी सर्दियों में बार-बार एक्ने निकल रहे हैं, तो आप रात को एलोवेरा जेल लगाकर सो सकते है। यह ऑयल को कंट्रोल करता है और एक्ने से राहत देता है बल्कि स्किन की जलन को भी दूर करता है साथ ही हाइड्रेशन भी देता है।

**पिंपल पर लगाएं ये फेस पैक**

जिन लोगों को पिंपल और एक्ने की समस्या रहती है वो लोग इस पैक को जरुर लगाएं। इसे बनाने के लिए दालचीनी पाउडर एक चम्मच लेकर उसमें मेथी का पाउडर मिला लीजिए। इसके साथ ही नींबू के रस की कुछ बूंद मिलाकर गाढ़ा चिपचिपा सा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को सिर्फ पिंपल पर लगाएं और इसे लगे रहने दें। इसे आप 2-3 घंटे तक लगे रहने दे या फिर रातभर छोड़ दीजिए, अगले सुबह चेहरे को धो ले। पिंपल खत्म करने में ये फेस पैके मदद करेगा।

**ओट्स का फेस पैक**

इस पैक को बनाने के लिए ओट्स का पाउडर, शहद और दही को बराबर हिस्सों लेकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। इसे पिंपल की समस्या दूर होती है और जलन में राहत होती है।

# सर्दियों में बना रहे साउथ इंडिया घूमने का प्लान तो इन ट्रैवल टिप्स को फॉलो करें

दक्षिण भारत देश का एक प्रमुख और बेहद खूबसूरत हिस्सा है। इस हिस्से में समुद्री तटों से लेकर पहाड़ी इलाकों में घूमने का अपना ही मजा होता है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों की खूबसूरती देश भर में फेमस है। न सिर्फ देश बल्कि विदेश से भी लोग यहां पर घूमने के लिए और मौज-मस्ती के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि दक्षिण भारतीय हिस्से को विश्व में एक फेमस पर्यटन केंद्र माना जाता है। लेकिन इस हिस्से में घूमने का मजा तभी आता है, जब आप इसको करीब से जानते हैं। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में दक्षिण भारत घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको कुछ ऐसे ट्रैवल टिप्स और ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप अपनी यात्रा को अधिक यादगार बना सकते हैं।

**मौसम पर रखें नजर**

अगर आप साउथ इंडिया की किसी भी जगह घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको वहां के मौसम के बारे में पहले जरूर मालूम करना चाहिए। क्योंकि अगर आप सोचते हैं कि अन्य जगहों की तरह कुर्ग, मुन्नार, ऊटी और गोकर्ण में ठंड पड़ रही होगी, तो आप गलत भी हो सकते हैं। इसलिए आपको घूमने निकलने से पहले मौसम का जरूर ध्यान रखना चाहिए।



सर्दियों में आप जिस भी जगह घूमने जा रहे हैं, वहां पर उस जगह के मौसम के हिसाब से जानकारी प्राप्त करने के बाद उसी के हिसाब से कपड़े पैक करें। अगर गर्मी लगे तो आप पतले कपड़े भी पैक कर सकते हैं। वहीं अगर जहां आप जा रहे हैं, वहां सिर्फ सुबह और रात में ठंड पड़ रही है, तो आप एक दो ऊनी कपड़े पैक कर सकते हैं। इससे आपका सफर भी अच्छा होगा और ज्यादा सामान भी नहीं होगा।

**ट्रैफिक का रखें ध्यान**

देश के अन्य हिस्सों की तरह ही साउथ इंडिया में भी खूब ट्रैफिक होता है। अगर आप पहली बार यहां घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो इसके लिए भी आपको पहले से तैयार रहना चाहिए। बता दें कि देश के अन्य हिस्सों में जब कड़ाके की ठंड पड़ती है, तो दक्षिण भारत की कुछ जगहों पर मौसम गर्म रहता है। इसलिए पर्यटक गर्मी के एहसास के लिए दक्षिण भारत घूमने के लिए निकलते हैं। जब भारी संख्या पर्यटक घूमने के लिए निकलते हैं, तो फेमस जगहों पर खूब ट्रैफिक रहता है।

# जनवरी 2025 में महाकुंभ में दिखेगा आस्था और आध्यात्म का अद्भुत संगम

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने अगले साल जनवरी में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को भव्य बनाने की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस दौरान प्रयागराज को आध्यात्म व संस्कृति के मेगा शो केस के तौर संस्कृति ग्राम के रूप में बसाया जाएगा। वहीं 5 एकड़ में बसने वाले इस संस्कृति ग्राम में करीब 45 दिनों तक तमाम आयोजन होंगे। इसमें सनातन परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। संस्कृति ग्राम में वर्चुअल रियलिटी और ऑग्मेंटेड रियलिटी के माध्यम से श्रद्धालुओं को महाकुंभ के विभिन्न सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहलुओं दिखाया जाएगा। इस मेला में 30 भव्य थीम आधारिक द्वारों का निर्माण होगा।

**पहुंचेंगे करोड़ों श्रद्धालु**

महाकुंभ में देश-दुनिया से करीब 25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसलिए इसको उत्तर प्रदेश के भव्य ब्रैंड के मौके के तौर पर देखा जा रहा है। यही वजह है कि बुनियादी सुविधाओं के साथ ही इस उत्सव के रंग को गाढ़ा करने की तैयारी है। पर्यटन विभाग ने संस्कृति ग्राम के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें 20 स्टॉल भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसमें शिल्प और स्थानीय हस्तकला को तरहीज दी जाएगी।

**मां काली, आप भी कर आएं दर्शन**

महाकुंभ के संस्कृति ग्राम को ऑग्मेंटेड रियलिटी वर्चुअल रिएलिटी का हब बनाया जाएगा। महाकुंभ के आध्यात्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को दशार्या जाएगा। महाकुंभ की यात्रा को विभिन्न कालखंडों में इन माध्यमों से दिखाया जाएगा। संस्कृति ग्राम को विभिन्न जोन जैसे- पौराणिक कथाओं, ऐतिहासिक अभिलेख, प्राचीन संस्कृति, ज्योतिष, कला एवं संवाद के अलग-अलग जोन में बाटा गया था।

**राजा हर्षवर्धन के दान और चरक संहिता भी दिखेगी**

महाकुंभ के संस्कृति ग्राम में कन्नौज के राजा हर्षवर्धन द्वारा अपनी समस्त संपत्ति की दान किए जाने का चित्रण भी मिलेगा। महाकुंभ से जुड़े सभी स्थलों की विशेषता, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भों को 360 डिग्री वर्चुअल एक्सपीरियंस, मल्टीमीडिया डिस्प्ले और इंटरैक्टिव कियोस्क के माध्यम से जाना जाएगा। वेद, पुराण और चरक संहिता व प्राचीन ज्योतिष शास्त्रों का प्रदर्शनी स्थल पर उल्लेख किया जाएगा। साथ ही भारत के सभी प्राचीन विश्वविद्यालय का भी जिक्र किया जाएगा। मेन स्टेज पर रोजाना संगीत, शास्त्रीय और लोकनृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा नाटक, फूड स्टॉल्स, क्राफ्ट वर्कशॉप, डांस-म्यूजिक वर्कशॉप और कुकिंग आदि का भी आयोजन होगा। वहीं महाकुंभ घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए गाइड और सूचना केंद्र की भी सुविधा होगी।

**देवताओं और मंथन पर आधारित द्वार**

बता दें कि महाकुंभ मेला में यूपी पर्यटन विभाग 30 बेहद भव्य द्वारों का निर्माण कराएगा। इनके द्वारों के नाम स्वास्तिक द्वार, डमरू द्वार, शंख द्वार, कामधेनु द्वार, लक्ष्मी द्वार, ओम द्वार, शिवलिंग द्वार, चंद्र द्वार, कलश द्वार, महाकुंभ लोगो द्वार, त्रिशूल द्वार, महाकुंभ 2025 द्वार, सूर्य द्वार, देव दल द्वार, कमल द्वार, गदा द्वार, धनुष द्वार, गंगा द्वार, कौस्तुभ द्वार, नंदी द्वार, संगम द्वार, नाग वासुकी द्वार, सुदर्शन चक्र द्वार, 14 रत्न कथा द्वार, कच्छप द्वार, कल्पवृक्ष द्वार, ऐरावत द्वार, समुद्र मंथन द्वार, रुद्राक्ष द्वार व अश्व द्वार हैं। साथ ही इन सभी द्वारों पर लैंप पोस्ट, सेल्फी प्वाइंट और पोर्टेबल टूरिस्ट इंफॉर्मेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। थीम के अनुरूप ही सभी द्वार निर्मित किए जाएंगे। यह द्वार थीम के महत्व को दशाएंगे और यह पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र होगा।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# उत्पल मंडल हत्याकांड मामले में दो गिरफ्तार

## आपसी विवाद में की गयी थी उत्पल की हत्या

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** पुलिस ने उत्पल मंडल हत्याकांड मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जिसकी जानकारी शनिवार को बरहरवा थाना में एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने बताया कि चमराचक बरारी निवासी उत्पल मंडल की गुरुवार की रात हत्या हुई थी। हत्याकांड के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है।आगे बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही बरहरवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बरामद किया और मामले में थाना कांड संख्या 190/24 दर्ज की गई।प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कार्रवाई हेतु एक टीम गठित कर



अनुसंधान शुरू किया गया।अनुसंधान के दौरान पुलिस को दो आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। कौशल्या देवी और जधाई मंडल दोनों मां- बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान पता चला कि आपसी मामले को लेकर कौशल्या देवी धारदार हथियार से लैस होकर उत्पल मंडल का हत्या किया।मामला का सत्यापन करने के दौरान पता चला कि दो तीन महीने पूर्व पीड़ित और उनका भाई महीला का घर रात में घूस गया था। इसको लेकर पंचायती भी हुई थी परंतु पंचायती के फैसले से महिला संतुष्ट नहीं थी। गांव में महिला को टिप्पणी किया जा रहा था वहीं तंग आकर हत्या करने में बाध्य हो गया। इस हत्या कांड में तीन लोग संलिप्त थे। उसमें से दो लोगों की गिरफ्तारी हो गई है। बाकी एक व्यक्ति का अनुसंधान के लिए गुप्त रखा है। उनका भी गिरफ्तारी जल्द ही कर लिया जाएगा।आगे बताया कि कौशल्या देवी ने उनका हत्या करने के लिए प्लानिंग किया और अपने बेटा को साथ में लेकर हथियार के साथ घटनास्थल पर गये। वहां पर उत्पल मंडल और उनका भाई सो रहा था। उनका बेटा उत्पल को पकड़ा और कौशल्या देवी हथियार से गला, सीना और हाथ में वार किया। आगे बताया कि पुलिस हाथियार को भी जब्त किया। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सुधीर पोद्दार,पुअनि अमित कच्छप, गुलशन गौरव, सुदामा सिंह, जुमराती अंसारी, सअनि राजनाथ साहा,सुदामा रविदास,महिला सअनि एस्थेर टुडू मौजूद थे।

## मानव तस्करी की रोक थाम को लेकर थाना प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान

**साहिबगंज:** मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर जिले के पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह से सजग हैं इसको लेकर एसपी के निर्देश पर लगातार विभिन्न इलाकों में थाना प्रभारियों द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। वहीं शनिवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मानव तस्करी की रोक थाम को लेकर थाना प्रभारी मदन कुमार के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को कई अहम जानकारी दी गई और शपथ भी दिलाया गया।इसी दौरान उन्होंने बताया कि इसके तहत स्कूलों में भी बालिकाओं को जागरूक करने की योजना है। बताया कि आदिवासी युवक-युवतियों को काम दिलाने के नाम पर बाहर ले जाया जाता है। अगर ऐसी कहीं सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें ताकि मामले में कार्रवाई की जा सके और जागरूकता अभियान के दौरान मुफस्सिल थाना के पुलिस पदाधिकारी के अलावा आम लोग मौजूद थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद चलायेगा अभियान

**गोड्डा :** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर परिषद ने तैयारी शुरू कर दी है। सड़कों का अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ जल्द अभियान चलाया जाएगा। पूर्व में कई बार चलाए गए ऐसे अभियान का बेहतर परिणाम नहीं निकलने के बाद इस बार प्रक्रिया को कानूनी स्वरूप देते हुए दंडात्मक बनाया गया है। विभाग ने माइकिंग करवाकर अतिक्रमणकारियों को आगाह भी कर दिया है। ताकि कोई भी अतिक्रमणकारी यह शिकायत नहीं कर सके कि उन्हें इस मामले में पूर्व से कोई सूचना नहीं दी गई थी। शनिवार को शहर के विभिन्न मार्गों पर माइकिंग कर अतिक्रमणकारियों को सड़क किनारे से अपनी दुकानें व गुमटियां आदि हटा लेने की चेतावनी दी गई।

### जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक संपन्न



**दुमका:** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक शनिवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला शिकायत निवारण समिति आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में की गई। बैठक का उद्देश्य आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत चिन्हित संदेहस्पद दावों पर निर्णय लिया जाना था। संदेहस्पद दावों की जाँच हेतु जिले के कुल 05 अस्पतालों से कुल 92 दावे थे। जिसमें सदर अस्पताल, दुमका के कुल 03 दावे, बासुकी त्र्यंबकेश्वर आँख अस्पताल, दुमका के कुल 03 दावे, न्यू केयर अस्पताल, दुमका के कुल 06 दावे, नारायण ऑर्थो, दुमका के कुल 02 दावे तथा भारती अस्पताल, दुमका के कुल 78 दावे थे। बैठक में समिति द्वारा सदर अस्पताल, दुमका, बासुकी त्र्यंबकेश्वर आँख अस्पताल, न्यू केयर अस्पताल तथा नारायण ऑर्थो के सभी दावों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, इन सभी अस्पतालों को सख्त निदेश दिया गया कि नियमों एवं प्रावधानों के अंतर्गत संस्थानों को संचालित करें अन्यथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर कानूनी तथा दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारती अस्पताल के कुल 78 दावों पर समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इनके सभी दावों को निरस्त कर दिया जाए तथा इनका आयुष्मान भारत के अंतर्गत निबंधन रद्द करने की अनुशंसा एसएचए से की जाये।

### ह्यूमन ट्रैफिकिंग को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**साहिबगंज/मंडरो :** मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार के नेतृत्व में ह्यूमन ट्रैफिकिंग को लेकर शनिवार संध्या मिर्जाचौकी मंडरो भगैया में जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया गया बाल मजदूरी मानव तस्करी,देह व्यापार, घरेलू हिस्सा, जबरिया शादी, भीख मांगना इससे परहेज मुक्त रहने को जागरूक किया गया ,साथ ही कहा गया कि निवालिक बच्चे को बहला फुसलाकर युपी पंजाब हरियाणा में मजदूरी कराते हैं वह बच्चा पढ़ाई-लिखाई नहीं कर पाते हैं। और नही अपनी जिम्मेदारी को समझता है। वहीं दलालों के द्वारा महिलाओं एवं नाबालिग बच्ची को दिल्ली सहित बड़े शहरों में घरेलू कार्य में लगा दिया जाता है कार्य योग शरीर रहते हुए भीख मांगना अशोभनीय है,इन कार्यों से दूर एवं परहेज करें मौके पर पुलिस एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीआरएम ने रेल अधिकारियों को किरान अपडेट करने का दिया निर्देश

**साहिबगंज:** मालदा रेल के एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद ने शनिवार को निरीक्षण यान से साहिबेगंज पहुंचे।जहां उन्होंने एआरपी किरान की जांच की। उन्होंने रेल अधिकारियों के साथ पूरे किरान की जांच पड़ताल करते हुए किरान में लगे कुछ उपकरणों को चला कर देखा और संबंधित रेल अधिकारियों को किरान को अपडेट करने का निर्देश दिया।इसके अलावा एडीआरएम ने अधिकारियों के साथ रनिंग रूम पहुंचे जा उन्होंने रेलवे पायलट और गार्ड से वातार्लाप कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।साथ ही लोको पायलट के रहने कि सुविधा,खाने पाने सुविधा,रख रखाव, मेंटेनेंस रजिस्टर सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी इकट्ठा किए।इसके रेल अधिकारियों को किरान को अपडेट करने का निर्देश उन्होंने संयुक्त क्रू लॉबी पहुंचे जहां उन्होंने रेल अधिकारियों से रेल पायलट की ड्यूटी, रेल गार्डन की ड्यूटी, कर्मियों की मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इसी दौरान ड्यूटी के दौरान रेल कर्मियों को होने वाले समस्या से भी डीआरएम अवगत हुए और जल्द से जल्द समाधान करने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।जहां उन्होंने डीएमयू सेड पहुंचे और पूरे डीएमयू ऐरिया का जायजा लिया और जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि क्रू लॉबी रनिंग रूम की जांच की गई सभी कुछ व्यवस्थित है रेल कर्मियों से वातार्लाप भी की गई कुछ समस्याओं से अवगत कराया है जो जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया गया है इसके अलावा उन्होंने बताया कि डीएमयू सेड में मेंटेनेंस होने वाली बोगियों का किस तरह से रख रखाव चल रहा है। इसकी जानकारी ली गई। इसके साथ ही मेमो मेंटेनेंस के लिए क्या फैसिलिटी डेवलप करनी है।जिससे कि यहां पर मेमो मेंटेनेंस कर पाएं। यहां पर मेमो मेंटेनेंस सुचारू रूप से चालू है।लेकिन यहां पर मेंटेनेंस नहीं हो पा रही है।उसेके उद्देश्य से देखा गया कि यहां पर किस तरह की फैसेलिटीज डेवलप कर सकें जिससे कि यहां मेमो का मेंटेनेंस हो सके। निरीक्षण के दौरान मालदा व साहिबगंज के रेल अधिकारी मौजूद थे।

## मांडल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने फॉसिल पार्क का किया भ्रमण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/मंडरो :** मंडरो फोसिल्स पार्क में झारखंड बिहार सीमा के पीरपैंती प्रखंड के मांडल पब्लिक स्कूल प्यालापुर के स्कूली छात्र छात्राओं ने पार्क का भ्रमण किया व फोसिल्स की जानकारी लिया।साथ ही तारा पहाड़ पर बिखरे जीवाश्म से परिचित हुए शिक्षकों ने बच्चों को लाखों वर्ष पूर्व में वृक्ष पत्थर की तरह कैसे बन गया है इसकी जानकारी बच्चों ने जाना, म्युजियम, एवं पार्क के गोलम्बर को देखा, फोसिल्स पार्क बनने से यहां सुदूर राज्यों के व्याख्याता एवं स्कूली बच्चे आते हैं। और फोसिल्स की जानकारी लेते हैं? मौके पर दर्जनों स्कूलो बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित थे

## निरसा में श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**धनबाद :** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से निरसा के श्रम कल्याण केंद्र में शनिवार की देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्याम बाबा के भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। इस मौके पर श्याम प्रभु के दरबार को रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। बाबा का भव्य श्रृंगार देख भक्त भाव विभोर थे। कोलकाता से आए कलाकार तुषार चौधरी ने श्याम बाबा को समर्पित एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। भजन गायिका हर्षिता डीडवानिया ने अपने मीठे भजनों से श्याम बाबा को खूब रिझाया। भजन संध्या में बंगाल व आसपास के काफी संख्या में श्याम भक्त शरीक हुए। आयोजन को सफल बनाने में श्री श्याम मित्र मंडल निराशा शाखा के सभी सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## पैतृक जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए महिला ने दर्ज की शिकायत

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड निवासी शोभा देवी ने एसपी को आवेदन देकर पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा कर लेने की शिकायत की है। आवेदन में बताया कि उनकी जमीन सकरुगढ़ मौजा में मृतक पति के नाम से दर्ज है। 1 नवंबर को जानकारी मिली कि उनकी जमीन और कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं।सूचना मिलने पर भागलपुर से आ कर देखा तो उसकी जमीन पर चहारदीवारी में लगे दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया।सकरुगढ़ निवासी अभय उर्फ पिंटू यादव कुमार साकेत उर्फ प्रिंस बाबा 10-12 लोगों के साथ हरबे हथियार के साथ वहां




बैठा हुआ था।वहां अवैध निर्माण की तैयारी कर रहे हैं।रोकने पर उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जमीन खरीद लेने की बात कहते हुए भाग जाने को कहा। कहा कि नहीं भागने पर जान से मार देगा।शिकायत पर पुलिस वहां पहुंची थी।लेकिन पुलिस के हटते ही उक्त लोगों ने फिर निर्माण शुरू कर दिया है।पीड़िता ने मामले में उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। वही पुलिस मामले की जांच कर कारवाई करने की बात कही।

## मानव तस्करी पर रोक के लिए जन जागरूकता जरूरी : थाना प्रभारी

### मानव तस्करी से बचने के लिए थाना प्रभारी ने लोगों को किया जागरूक

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर पुलिस ने शनिवार को उधवा चौक के पास मानव तस्करी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया। थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित लोगों को मानव तस्करी पर रोक लगाने व उससे बचने का मूल मंत्र सिखाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडेय ने लोगों को बताया कि ग्रामीण




कभी भी किसी के झांसे में नहीं आए अपने बच्चों के संभाल कर रखे। कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के संपर्क में बच्चों नही आने दे। उन्होंने कहा कि कभी कभी खुद के पहचानने वाले ही इस धंधे में लिप्त होते है। उससे बचने की जरूरत है। अगर गांव में लगातार कोई व्यक्ति आता है। और प्रलोभन देता है और अच्छा काम दिलाने का वादा करता है तो उसका सत्यापन करे। इस तरह के कारनामे करने वाले आरोपी गांव के भोले भाले लोगों को अपनी बातों में उलझा कर इस काम को अपना व्यवसाय बना रखा है। उस व्यक्ति पर कोई शक शंका लगे तो उसे चिन्हित कर स्थानीय थाना को तुरंत सूचना दे,ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव के जागरूक व्यक्ति ही मानव तस्करी को लेकर ग्रामीणों को जागरूक कर बेहतर समाज का निर्माण करने में भागीदारी निभा सकते है। जन जागरूकता से ही इसे पूरी तरह से रोका जा सकता है।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी क्षेत्र के व्यहवार न्यायालय के पीछे जिरवाबाड़ी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव को बरामद किया हैं।जिरवाबाड़ी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पहुंची। जहां डाक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा हैं कि जिरवाबाड़ी थाना के एसआई एसके मिश्रा क्षेत्र में गस्ती कर रहे थे इसी दौरान व्यहवार न्यायालय के पीछे रोड किनारे मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई।इधर पुलिस मामले कि छानबीन कर शव की पहचान करने में जूटी है।

### विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण, कहा-

# स्वास्थ्य सुविधाओं को किया जायेगा दुरुस्त

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/राजमहल:** विधायक एमटी राजा क्षेत्र पहुंचते ही शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मरीज को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त किए।अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने अस्पताल में विधायक का स्वागत किए।विधायक ने अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक से स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त करने के लिए मैनपॉवर एवं संसाधन से संबंधित जानकारी प्राप्त किए। अनुमंडलीय अस्पताल में मुख्य रूप से प्रसव एवं सर्जरी प्रसव सहित नवजात बच्चों के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चर्चाएं हुई। विधायक ने



कहें कि जिला स्तर से जो भी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी उसे तत्काल कराया जाएगा साथ ही राज्य स्तर से प्राप्त होने वाली सुविधाओं को मुख्यमंत्री के संज्ञान में देकर जल्द ही अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा।इसके अलावे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा तीनपहाड़ फुदकीपूर एवं प्रायमरी हेल्थ सेंटर राधानगर व स्वास्थ्य उप केंद्र मंगलहाट को भी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से दुरुस्त किया जाएगा।ताकि क्षेत्र के मरीज अपने-अपने क्षेत्र में ही स्वास्थ्य लाभ से लाभान्वित हो सके।बंद पड़े अल्ट्रासाउंड मशीन को अविलंब चालू करने एवं वैकल्पिक व्यवस्था में मशीन रखने का भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।प्रभारी उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि जल्द ही अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करें। मरीज वार्ड,ड्रेसिंग रूम,ओपीडी, इमरजेंसी आदि का भी जायजा लिए।निबंधन कार्यालय के नए भवन का होगा निर्माण विधायक अवर निबंधन कार्यालय राजमहल पहुंच कर कार्यालय के कर्मचारियों से क्रेता एवं विक्रेताओं को मिलने वाली सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त किए।उन्होंने कहा कि भवन की समस्या की जानकारी प्राप्त हुई है जल्द ही मुख्यमंत्री के संज्ञान में देकर भवन का निर्माण कराया जाएगा।साथ ही दियारा क्षेत्र के जमीन की खरीद बिक्री को जल्द चालू करने की दिशा में पहल होगी।शहर के व्यवसायी से मिले विधायक अनुमंडलीय अस्पताल के मुख्य द्वार से मलखा बाबा स्थान तक बैठे व्यवसायी एवं फुटपाथ दुकानदारों से मिले। आमजन के साथ चाय दुकान में बैठकर चाय पीते हुए शहर के विकास पर एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। व्यवसायियों ने भी अपने-अपने स्तर से व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए अपनी बातों को रखा जिस पर विधायक जी ने सकारात्मक आश्वासन दिए हैंऔर

विधायक के निजी कार्यालय में गंगा पंप नहर साहिबगंज प्रमंडल के अभियंताओं के साथ एक बैठक की गई। गंगा पंप नहर के अभियंताओं ने राजमहल एवं उधवा प्रखंड क्षेत्र में कटावग्रस्त इलाके का भ्रमण कर वस्तु स्थिति से विधायक को अवगत कराए हैं। 11 संभावित स्थलों का चयन किया गया है जहां कटावनिरोधी कार्य किए जाएंगे। विधायक जी ने विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए की सभी कटावग्रस्त इलाके में कटाव निरोधी कार्य होना है।जल्द विभागीय प्रक्रिया पूर्णकरें। मौके पर झामुमो नेता मो मारूफ उर्फ गुड्डू,एकरामुल शेख,घीसू शेख राजकुमार सिंह केशव सिंह अब्दुल कादिर,गंगा पंप नहर साहिबगंज प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रेम कुमार सोरेन, सहायक अभियंता डेनिस मरांडी,कनीय अभियंता बालेश्वर मुर्मू,नंदकिशोर मंडल,मधुकर श्याम सहित अन्य मौजूद थे।

# भूमि पेडनेकर की रोमांटिक-कॉमेडी से 10 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे इमरान खान

**बॉलीवुड** अभिनेता इमरान खान 2015 से सिल्वर स्क्रीन से गायब हैं। हालांकि, खबरें हैं कि अब वह एक नए नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट के साथ वापसी करने जा रहे हैं। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन दानिश असलम करेंगे। दानिश ने इमरान की फिल्म 'ब्रेक के बाद' का भी निर्देशन किया था। वहीं, इमरान खान के साथ इस नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट में कौन सी अभिनेत्री नजर आएगी, इस बारे में भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

**इमरान खान के साथ नजर आएंगी भूमि**

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर कथित तौर पर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में इमरान खान के साथ नजर आएंगी। हालांकि, अभिनेत्री ने अभी तक अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। अगर वह फिल्म का हिस्सा बनती हैं, तो 'भक्षक' और आगामी 'द रॉयल्स' के बाद यह नेटफ्लिक्स इंडिया के साथ उनका तीसरा सहयोग होगा।

**मार्च 2025 में शुरू होगी शूटिंग**

फिल्म की स्क्रिप्ट फिलहाल अपने अंतिम चरण में है, जिसका ड्राफ्ट अगले महीने पूरा होने की उम्मीद है। इसके तुरंत बाद प्री-प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा और टीम मार्च 2025 में शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। इमरान के प्रशंसक उनकी स्क्रीन पर वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अनजान लोगों के लिए, इमरान को पहले अब्बास टायरवाला द्वारा निर्देशित डिज्नी+ हॉटस्टार के लिए एक जासूसी थ्रिलर सीरीज में अभिनय करने के लिए चुना गया था, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज और द वॉल्ट डिज्नी कंपनी के बीच विलय के कारण यह प्रोजेक्ट रद्द कर दिया गया था। अब, यह नेटफ्लिक्स फिल्म इमरान की आधिकारिक वापसी है।





**भूमि पेडनेकर का वर्क फ्रंट**

भूमि पेडनेकर की बात करें तो वह जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर क्राइम थ्रिलर 'दलदल' में नजर आएंगी। जिसमें वह जघन्य हत्याओं की जांच करने वाली एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा वह कार्तिक आर्यन के साथ 'पति, पत्नी और वो 2' का भी हिस्सा होंगी। वह नेटफ्लिक्स सीरीज 'द रॉयल्स' में भी नजर आएंगी। भूमि के पास अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत के साथ 'मेरे बीवी की हसबैंड' भी है, हालांकि, फिल्म की रिलीज में देरी हो रही है।

# पापा चंकी पांडे का इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करवाना चाहती है अनन्या पांडे

अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे ने हाल ही में साझा किया कि उन्होंने अपने पिता को इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करने का सुझाव दिया था ताकि प्लेटफॉर्म पर उनके द्वारा बेतरतीब लाइक्स के कारण होने वाली परेशानी से बचा जा सके। पिता-पुत्री की यह जोड़ी हाल ही में वी आर युवा के शो बी ए पैरेंट यार में दिखाई दी। शो में अनन्या ने अपने पिता की इंस्टाग्राम आदतों को संबोधित करते हुए कहा, "इंस्टाग्राम पर आपको डिलीट कर देना चाहिए क्योंकि आप बिना पढ़े ही कुछ भी लाइक करते रहते हैं और उन्हें और परेशानी में डालते रहते हैं।"

**चंकी का दिल छू लेने वाला जवाब**

अपनी बेटी के सुझाव का जवाब देते हुए चंकी ने कहा, "मैं आपकी तस्वीर जहां भी देखता हूं, लाइक करता रहता हूं।" इतना ही नहीं, अनन्या ने अपने पिता से यह भी पूछा कि "क्या आपको लगता है कि मैं एक अच्छा एक्टर हूं?" जवाब में चंकी ने मजाक में कहा, "घर पर या स्क्रीन पर?" चैट के दौरान चंकी ने रोल साइन करने से पहले स्क्रिप्ट पढ़ने को लेकर भी उन्हें चिढ़ाया, जिस पर अनन्या ने चुटकी लेते हुए कहा, "लाइगर के बाद आपको मुझे सलाह देने की अनुमति नहीं है।"

**काम के मोर्चे पर**

पेशेवर मोर्चे पर, चंकी अगली बार अक्षय कुमार की मल्टी-स्टारर हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, अर्चना पूरन के साथ दिखाई देंगे। सिंह, जैकी श्रॉफ, जॉनी लीवर, फरदीन खान और सोनम बाजवा जैसे कई स्टार्स के साथ काम कर चुके हैं। फिल्म अगले साल जून में बड़े पर्दे पर आने की उम्मीद है। इसके अलावा, वह अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 में भी अभिनय करेंगे। उनके पास हेरा फेरी 3, डोनाली, रॉनी एन रॉकी, साले आशिक और द रॉयल्स भी हैं। दूसरी ओर, अनन्या को आखिरी बार कॉल मी बे में देखा गया था, जो केवल डिजिटल रिलीज थी और नेटफ्लिक्स पर आई थी। वह अगली बार करण सिंह त्यागी द्वारा निर्देशित द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर में अक्षय कुमार के साथ अभिनय करेंगी। उनके पास रन फॉर यंग, ??चांद मेरा दिल और दरबदर भी हैं।



## अभिनेता एजाज खान की पत्नी को मादक पदार्थ के मामले में किया गिरफ्तार

**अभिनेता** और टी.वी. शो बिग बॉस में नजर आए एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला (40) को सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मादक पदार्थ के मामले में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने जोगेश्वरी के पश्चिम उपनगर स्थित गुलीवाला के आवास पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की और वहां से 130 ग्राम का मादक पदार्थ बरामद किया। सीमा शुल्क विभाग ने एजाज खान के कार्यालय में काम करने वाले एक चपरासी को कूरियर सेवा के माध्यम से विदेश से 100 ग्राम मेफेड्रन मंगवाने के आरोप में आठ अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। सीमा शुल्क अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान गुलीवाला की भूमिका भीसामने आई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने साल 2021 में खान को भी कथित मादक पदार्थ के मामले में गिरफ्तार किया था, हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था। महाराष्ट्र में हाल ही में विधानसभा चुनाव में एजाज खान ने मुंबई की वसोर्वा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें केवल 155 मत ही मिले थे।





# करीना ने ब्यूटी स्टैंडर्ड पर कह डाली यह बात

करीना कपूर खान इस साल अपनी कई प्रभावशाली सीरीज रिलीज के साथ सफलता की लहर पर सवार हैं। एक्टिंग के प्रति उनका अटूट जुनून साबित करता है कि उनकी जल्द ही धीमा पड़ने की कोई योजना नहीं है। हालिए इंटरव्यू में करीना कपूर अपनी दो दशक की यात्रा के बारे खुलकर बात कही, एक्ट्रेस ने पारंपरिक सौंदर्य मानकों को तोड़ते हुए स्क्रीन पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने बार-बार इस विश्वास का सपोर्ट किया किया है कि सुंदरता उम्र, आकार और शरीर के प्रकार से परे होते है। क्या कहा करीना कपूर खान ने हार्पर बाजार इंडिया के साथ बातचीत में करीना कपूर ने विस्तार से बताया कि कैसे उन्होंने उम्र के साथ अपने अंदर होने वाले बदलावों को स्वीकार कर लिया है और करीना इसे आर्टिफिशियली रूप से बदलना नहीं चाहती हैं। उन्होंने कहा, ह्लउम्र सुंदरता का एक हिस्सा है। यह लड़ाई झुर्रियां या युवा दिखने की कोशिश के बारे में नहीं है; यह उस उम्र को अपनाने और प्यार करने के बारे में है जिस उम्र में आप हैं। मैं 44 वर्ष की हूं और मुझे कभी भी बेहतर महसूस नहीं हुआ। मुझे बोटोक्स या किसी कॉस्मेटिक सुधार की आवश्यकता महसूस नहीं होती। मेरे पति (सैफ अली खान) मुझे सेक्सी मानते हैं, मेरे दोस्त कहते हैं कि मैं अद्भुत दिखती हूं, और मेरी फिल्में खूब चल रही हैं। मैं ऐसी भूमिकाएं निभाता हूं जो मेरी उम्र को दशार्ती हैं और मुझे इस पर गर्व है। मैं चाहती हूं कि लोग मुझे देखें कि मैं कौन हूं और इसकी सराहना करते हैं।ह्व उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने फिल्म उद्योग में प्रवेश किया, उन्हें विश्वास दिया गया कि उनकी प्रतिभा और प्रयास उन्हें रोजगार दिलाएंगे। उन्होंने देखभाल की, फिट रहीं और लक्ष्य बनाया स्वयं का सबसे महान संस्करण बनाया।

**करीना सादगी में आकर्षण ढूंढती हैं**

इस बीच, करीना ने उसी इंटरव्यू में बताया कि कैसे वह सादगी में आकर्षण ढूंढती हैं। फिल्मी दुनिया के बीते दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा, ह्लहम सिर्फ अपनी जींस और टी-शर्ट में दिखाई देते थे, और वह प्रामाणिकता हमारे आकर्षण का हिस्सा थी। आज का मीडिया परिदृश्य अलग है, जिसमें परफेक्ट दिखने का बहुत दबाव है। हालांकि, स्वयं के प्रति सच्चा रहना ही सबसे अच्छा होता है। ऐसी दुनिया में वास्तव में खुद का होना दुर्लभ है जो अक्सर परफेक्ट की मांग करती है।

## 'जोश' अभिनेता शरद कपूर पर 32 साल की महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, एफआईआर दर्ज



शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय अभिनीत फिल्म जोश में प्रकाश शर्मा का किरदार निभाने वाले अभिनेता शरद कपूर बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। उन पर 32 वर्षीय महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है, जिसने दावा किया है कि उन्होंने एक प्रोजेक्ट पर चर्चा करने के बहाने उसे अपने घर बुलाया था। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि शरद ने अवांछित प्रयास किए और अश्लील संदेश भेजे। खार पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 75 और 79 के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपों के संबंध में पूछताछ के लिए उन्हें तलब किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना कथित तौर पर 26 नवंबर, 2024 को हुई थी, जब पीड़िता को वीडियो रील पर काम पर चर्चा करने के बहाने कपूर के कार्यालय में बुलाया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ₹पहुंचने पर, उसने दावा किया कि कपूर ने अनुचित तरीके से कपड़े पहने थे और उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया। घटना के बाद, उसे कपूर से अश्लील संदेश मिले, जिसमें एक वॉयस नोट भी शामिल था, जिसने उसे और परेशान कर दिया। पीड़िता ने मनोरंजन उद्योग में जवाबदेही की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।₹ हालांकि, आरोपों पर अभिनेता की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस बीच काम के मोर्चे पर, शरद कपूर फिल्मों में बहुत सक्रिय नहीं रहे हैं। हालांकि, उन्होंने हाल ही में कुछ प्रोजेक्ट पर काम किया है। उनकी आखिरी फिल्म इंडो-पोलिश रोमांटिक थ्रिलर फिल्म नो मीन्स नो थी।

# विश्व शतरंज चैंपियनशिप : गुकेश और लिरेन ने चौथी बाजी ड्रॉ खेली

**एजेंसी**

**सिंगापुर।** भारत के गुकेश डोमराजू ने सिंगापुर में 14 गेमों के फाइनल मैच के चौथे गेम में मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को ड्रॉ पर रोका। इस प्रकार, एक और आश्चर्यजनक शुरूआत को पार करते हुए, दोनों खिलाड़ियों ने गेम को जारी रखने के लिए काफी समय तक कड़ी मेहनत की। दोनों खिलाड़ियों ने छोटी-छोटी गलतियां की, लेकिन स्थिति पूरी तरह बराबरी की रही। उन्होंने 42 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई। दोनों खिलाड़ियों के पास अब चार गेमों में दो-दो अंक हैं।

वे शनिवार को पांचवें गेम के लिए बोर्ड पर लौटेंगे, जिसमें गुकेश सफेद मोहरों से खेलेंगे। डिंग, जिन्होंने पहले गेम में सफेद मोहरों से जीत हासिल की थी। उन्होंने एक और अच्छी शुरूआत की, लेकिन गुकेश ने अच्छा कमबैक किया और डिंग की चालों का सटीक जवाब दिया। डिंग ने पहले गेम में चुने गए किंग पॉन ओपनिंग से अलग, रेती ओपनिंग का विकल्प चुना, और यह जल्द ही जुकरटॉर्ट ओपनिंग जैसा दिखने लगा, जिसके बारे में कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक बहुत ही लचीली ओपनिंग है।




लेकिन चीजें बहुत जटिल नहीं हुईं, क्योंकि शुरूआती आश्चर्य तत्व के खत्म होने के बाद गुकेश सही जवाब लेकर आए। डिंग ने भी सुरक्षित खेलने का फैसला किया और कोई जोखिम नहीं लिया, हालांकि दोनों ने कुछ चालों पर सोचने में बहुत अधिक समय बिताया, और खेल ड्रॉ में बदल गया, क्योंकि चीनी ग्रैंडमास्टर अपने प्रतिद्वंद्वी की रक्षा को भेद नहीं सके।

# इंग्लैंड ने टी-20 स्टाइल में जीता न्यूजीलैंड से टेस्ट मैच, सीरीज में बनाई 1-0 की लीड

**एजेंसी**

**क्राइस्टचर्च।** बैजबॉल स्टाइल के लिए मशहूर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन टी-20 स्टाइल में मैदान मार लिया। मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने केन विलियमसन के 93 रन के बूते अपनी पारी 348 रन पर खत्म की। जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी में 499 रन ठोकते हुए 151 रन की बढ़त ले ली। हैरी ब्रुक ने 171 रन की विशाल पारी खेली। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ केन विलियमसन ही दम दिखा सके और स्कोर जैसे-तैसे 254 रन तक पहुंच पाया। तेजी से रन बनाने के चक्कर में जैक क्राउली दूसरे ही ओवर में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद बेन डकेट और जैकब बैथल ने अटैकिंग शॉट्स खेलने शुरू किए। डकेट आठवें ओवर में 27 रन बनाकर आउट हुए तो इसी ओवर में नए बल्लेबाज जो रूट आखिरी तीन गेंदों में लगातार तीन चौके मारते हुए इरादे जाहिर करने से नहीं चूके। जैकब बैथल ने सिर्फ 37 गेंद में अपनी पहली टेस्ट फिफ्टी ठोकते हुए इंग्लैंड को 12.4 ओवर में 104 रन के लक्ष्य तक पहुंचा दिया। जो रूट 15 गेंद में 23 रन बनाकर नाबाद लौटे। न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान केन विलियमसन इस मैच से 9000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज भी बने। कमर की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे विलियमसन भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे। मगर मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की थी। विलियमसन ने पहली पारी के 93 रन के बाद दूसरी पारी में 61 रन बनाए। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 103 टेस्ट मैचों में 9000 टेस्ट रन की यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वह श्रीलंका के कुमार संगकारा और पाकिस्तान के यूनिस खान के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज 9000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ अपने 99वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद इस मामले में सबसे तेज बल्लेबाज हैं, जिन्होंने ब्रायन लारा के 101 टेस्ट मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।






# महाराष्ट्र : सीएम पर सस्पेंस बरकरार एकनाथ शिंदे ले सकते हैं बड़ा फैसला

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर हो रही राजनीति पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा के बाद भी सीएम पद के उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस बना हुआ है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस सबसे आगे हैं। अजित पवार ने भी कह दिया है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। इन सब के बीच अटकलें हैं कि पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे नयी सरकार को आकार देने के तौर-तरीकों से वह खुश नहीं हैं। उनकी पार्टी के एक नेता ने कहा है कि वह जल्द कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं।

## कब होगा शपथ ग्रहण समारोह?

प्रदेश भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले शनिवार को घोषणा की कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा। उन्होंने बताया कि समारोह दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में शाम पांच बजे होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस समारोह में शामिल होंगे।



## एकनाथ शिंदे को किया गया दरकिनार?

मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस के बीच, शिंदे के करीबी एवं शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार तक कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं। मंत्रालय आवंटित करने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनकी पार्टी को गृह विभाग मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि शिंदे को दरकिनार करने की कोशिशें की गईं। बता दें, शिंदे ने स्पष्ट कर दिया था कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री पद पर कोई भी फैसला उन्हें स्वीकार्य होगा। लेकिन उनपर शिवसेना नेताओं के एक समूह का दबाव है, जो मानते हैं कि उन्हें उप मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहिए, क्योंकि वह दो साल से अधिक समय से मुख्यमंत्री हैं। पार्टी नेताओं का एक और समूह इस बात पर जोर दे रहा है कि उन्हें नयी सरकार का हिस्सा होना चाहिए।

## महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन?

अभी तक यह घोषणा नहीं की गई है कि महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन भाजपा सूत्रों ने बताया कि फडणवीस इस शीर्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। एक भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी के विधायक दल का नेता चुनने के लिए दो दिसंबर को बैठक होगी। उन्होंने कहा कि इस बार फडणवीस को मुख्यमंत्री पद मिलने की संभावना है। एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने शनिवार को कहा, 'महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा और महायुति के अन्य घटकों से दो उपमुख्यमंत्री होंगे।'

# टैरिफ की धमकी से परेशान ट्रूडो पहुंचे ट्रम्प से मिलने, बिना खास आश्वासन के लौटे कनाडा

एजेंसी

**ओटावा।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी से हलकान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की आनन-फानन में ट्रम्प से की गई मुलाकात में भी खास हासिल नहीं हुआ। वे टैरिफ को लेकर ट्रम्प की तरफ से दिए गए बिना किसी खास आश्वासन के शनिवार को वापस कनाडा लौट आए।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो रिजॉर्ट में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। इस दौरान व्यापार, शुल्क, सीमा सुरक्षा और मादक पदार्थों की तस्करी सहित प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुलाकात के बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ उनकी मुलाकात बहुत अच्छी रही। व्यापार, अवैध प्रवासन समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। इससे पहले शनिवार को ट्रूडो ने मीडिया से कहा कि उनके और ट्रम्प के बीच बेहतरीन बातचीत हुई। कनाडाई पीएम ने एक्स पर पोस्ट



किया, 'डिनर के लिए धन्यवाद, राष्ट्रपति ट्रंप। मैं उन कार्यों के लिए उत्सुक हूं जो हम फिर से मिलकर कर सकते हैं।'

हालांकि बातचीत में ट्रम्प ने 25 फीसदी टैरिफ की धमकी से पीछे हटने की बात नहीं कही। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी बैठक के बाद शनिवार को बिना किसी आश्वासन के स्वदेश लौट आए। खास बात यह है कि फ्लोरिडा की यह यात्रा ट्रूडो के सार्वजनिक कार्यक्रमों की सूची में शामिल नहीं थी।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की कि पदभार ग्रहण करते ही वह कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि वह तब तक टैरिफ लागू रखेंगे, जब तक दोनों देश अपने क्षेत्रों से अवैध रूप से अमेरिका में ड्रग्स और अप्रवासियों के प्रवाह को नहीं रोकते।

# कैबिनेट मंत्री नंदी गोपाल के काफिले की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, दो जवान घायल



एजेंसी

**बस्ती।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी के सुरक्षा काफिले में शामिल एक वाहन रविवार रात गोरखपुर से लौटते समय ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया। संतकबीर नगर और बस्ती जनपद के बॉर्डर कांटे के पास हुए हादसे में सीआईएसएफ के दो जवान घायल हो गए। सूचना पर संतकबीरनगर और बस्ती पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों जवानों को बस्ती जिले के श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल ले जाया गया। घायल सुरक्षा कर्मी जयप्रकाश और फूल सिंह के सिर और पैर में चोट आई थी। दोनों को यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। मंत्री के काफिले के हादसे की सूचना पर एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, कोतवाल और अन्य अफसर भी मौके पर पहुंच गए। मंत्री नंद गोपाल नंदी भी अस्पताल पहुंचे और घायल सुरक्षा कर्मियों का हाल-चाल लेने के बाद लखनऊ रवाना हो गए। बताया जा रहा है गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर वह लखनऊ के लिए रविवार रात वापस लौट रहे थे। इसी दौरान संतकबीर नगर जनपद के कांटे चौकी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली से उनके सुरक्षा काफिले में शामिल वाहन की भिड़ंत हो गई। गाड़ी का एयरबैग खुलने से गाड़ी में सवार अन्य सुरक्षा कर्मी सुरक्षित बच गए। जबकि दो सुरक्षा कर्मियों को चोट आई। जिन्हें बस्ती में इलाज के बाद लखनऊ भेज दिया गया।

# दिसंबर के पहले दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिसंबर के पहले दिन ही घरेलू सरार्फा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज के कारोबार में सोना 100 रुपये से 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये से लेकर 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत आज भी 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सपा भ्रष्टाचार, लूट और वंशवाद की पार्टी है : स्वतंत्रदेव सिंह

एजेंसी

**जालौन ।** जो देवबंद से आवाज आती, वही अखिलेश यादव बोलते हैं। जब सपा सरकार थी तब भर्तियों में मंत्री अपनी सूची भेजते थे। उन्हीं सूचियों से लोग नौकरी पा जाते थे। प्रदेश में जब सपा की सरकार थी, तब मुसलमान दामाद के रूप में सरकार चलाते थे। यह बातें जिले के दौरे पर पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को देर शाम संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है। सबका साथ सबका विकास पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहां पर एक दिवसीय दौरे पर थे, जहां उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 2014 और 2017 के पहले राज्य की क्या स्थिति थी। पिछली सरकार गुंडों को महत्व देती थी, सिमी और जिन्ना की वकालत करने वालों को महत्व देते थे। जिन्ना की तुलना सरदार पटेल से करते थे, वह सत्ता में रहे हो या न रहे हो उन्होंने हमेशा जो समाज को तोड़ने का काम किया। उनका वह सम्मान करते हैं, इसीलिए जनता ने उन्हें नकार दिया। उप चुनाव में नकार दिया है और 2027 में भी नकार देगी। सपा भ्रष्टाचार और लूट व परिवार और वंशवाद की पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मिशन के लिए काम करती है, राजनीति उसका व्यापार नहीं है। एक गरीब को अपने पैरों पर खड़ा करना ही भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है।

इस दौरान माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, प्रदीप धनौरा, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि उरई विजय चौधरी, मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, ब्लॉक प्रमुख जालौन रामराजा निरंजन, रानी देवी, संजीव उपाध्याय, मनोज राजपूत, रामेंद्र सिंह, जगदीश तिवारी, हरेंद्र सिंह, उदयन पालीवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार सर्राफा कारोबारी से की थी लूट

एजेंसी

**फिरोजाबाद।** सिरसागंज पुलिस एवं एसओजी टीम ने शनिवार की देर रात्रि में मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल लुटेरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार लुटेरे ने दो दिन पूर्व दुकान में घुसकर तमंचे की नोक पर सरार्फा कारोबारी से लूट की थी।

सिरसागंज में मुख्य रोड निवासी राकेश जैन की आरके ज्वैलर्स के नाम से सरार्फा की दुकान है। शुक्रवार देर शाम वह दुकान पर अकेले थे, तभी एक बदमाश अपना चेहरा शॉल से ढककर दुकान के अंदर घुस आया। बदमाश ने शटर बंद कर राकेश पर तमंचा तानकर गोली मारने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपये लुट लिए और मोटरसाइकिल से भाग गया।

अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने रविवार को बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लुटेरे की तलाश शुरू की गई। थाना सिरसागंज पुलिस टीम शनिवार की देर रात गश्त पर थी, तभी सूचना पर पुलिस ने जब बदमाश की घेराबंदी की तो मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गई। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर एवं लूट में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल व लूट के 50 हजार रुपये में से 48,600 रुपये बरामद हुए हैं।

एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# जल शक्ति मंत्री ने पंचानन चौराहे पर किया सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण



एजेंसी

**जालौन।** उप्र सरकार में जल संसाधन और बाढ़ नियंत्रण मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को देर शाम नगर के पंचानन चौराहे पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, आजाद भारत के राजनैतिक परिदृश्य में सरदार पटेल कभी समस्या नहीं बने बल्कि वह हर समस्या का समाधान थे। सही मायनों में अगर देखा जाए तो वह नेता नहीं ऋषि थे, जिन्होंने अखंड भारत सपना देखा और उसे पूरा किया। उन्होंने मोदी और योगी की शान में जमकर कसीदे काढ़े। मंच से विधायक मूलचंद्र की तारीफ की। नगरपालिका द्वारा पंचानन चौराहे का सुंदरीकरण करा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित कराई थी।

शनिवार को पूर्व आईएएस विजय सिंह निरंजन की अध्यक्षता एवं सूबे के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के मुख्य आतिथ्य और माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में संजोए गए कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

जितेंद्र सिंह निरंजन आशू के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं के अलावा पालिका सभासदों और सेवानिवृत्त पटेल समाज के लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। मंचस्थ अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन प्रदीप धनौरा ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि उरई विजय चौधरी, मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, ब्लॉक प्रमुख जालौन रामराजा निरंजन, रानी देवी कोंच, संजीव उपाध्याय, मनोज राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व जलशक्ति मंत्री का मारकंडेयश्वर तिराहे के अलावा करीब दर्जन भर स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गांजा की खेती करने वाला किसान गिरफ्तार

**दक्षिण सालमारा- मानकाचर (असम)।** जिले के कनाईमारा में गांजा की खेती करने वाले किसान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किसान लाल मियां अपने घर के नजदीक करीब 10 बीघा भूमि पर गांजे की खेती कर रहा था। पुलिस ने रविवार को बताया कि दक्षिण सालमारा मानकाचर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रताप दास के नेतृत्व में खरुबंधा पुलिस की एक टीम ने छापा मारा और गांजा की खेती करने वाले किसान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गांजा की खेती करने वाले किसान लाल मियां को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है। गांजे के खेत में लगे सभी पेड़ों को भी पुलिस ने काटकर जला दिया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**नगांव, (असम)।** जिले के रुपहीहाट के हातीपारा में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि ट्रैक्टर (एएस- 02सीसी- 4999) की चपेट में आने से 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। हातीपारा में जीएल एटाभाटा के पास यह हादसा हुआ। घटना उस समय हुई जब बच्चा रास्ते पर खेल रहा था। पुलिस ने बाद में मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। हालांकि, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर का चालक मौके से फरार हो गया।

### नुमलीगढ़ में फंदे से लटककर किशोरी की मौत

**गोलाघाट, (असम)।** जिले के नुमलीगढ़ ग्रामीण थाना अंतर्गत 'एक नंबर पंका ग्रांट' में फंदे से लटकता हुआ एक किशोरी का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान प्रमोद सैकिया की 13 साल की लड़की के रूप में हुई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि किशोरी अपने दादा, बड़े भाई और दो छोटे भाइयों के साथ पोंका ग्रांट में किराए के मकान में रहती थी। घर पर कोई नहीं था। इसी बीच घर पहुंचे मृतक के भाइयों ने पाया कि किशोरी घर के अंदर पर्दे का फंदा लगाकर लटक रही थी। घटना को देख दोनों छोटे भाइयों ने शोर मचाया। पड़ोस के लोग नुमलीगढ़ ग्रामीण थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। नुमलीगढ़ पुलिस पहुंची और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को नीचे उतारा और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। परिजनों को शक है कि घर में किसी के नहीं होने का फायदा उठाकर किसी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी होगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में वंचित कारीगरों के स्टॉल में लगभग 5.85 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री

**नई दिल्ली।** 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-2024 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से वंचित कारीगरों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पूरे समय में अप्रत्याशित संख्या में आगंतुक आए और लगभग 5.85 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 15 नवंबर को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में शामिल उत्पादों में रेडिमेड गारमेंट, हस्तशिल्प, ब्लॉक प्रिंटिंग, जरी सिल्क, चंदेरी साड़ियाँ, कृत्रिम आभूषण, चमड़े की वस्तुएँ, कढ़ाई, फुटवियर, ऊनी वस्तुएँ, हस्तनिर्मित बैग, बेंत और बांस, अचार, नमकीन, अगरबत्ती और इत्र, राजस्थानी मोजरी और खिलौने आदि शामिल रहे।

### महिला उत्पीड़न : महिला आयोग की टीम पहुंची धुबड़ी जेल

**धुबड़ी, (असम)।** असम राज्य महिला आयोग की एक दो सदस्यीय टीम धुबड़ी जेल पहुंची। टीम में आयोग की उप निदेशक नीलिमा देवी और सदस्य परमी दास शामिल हैं। वे जिला जेल में एक महिला वार्डन के उत्पीड़न के मामले की जांच के लिए धुबड़ी पहुंचीं। आयोग की टीम ने धुबड़ी के आवर्त भवन में शीर्ष पुलिस अधिकारियों, जांच टीमों और पीड़ित महिला वार्डन के साथ बंद कमरे में अलग-अलग बैठकें कीं। महिला आयोग की उप निदेशक नीलिमा देवी ने दावा किया कि धुबड़ी जिला जेल में महिला वार्डन से बलात्कार के प्रयास के सभी सबूत और गवाह मिल गए हैं। उन्होंने धुबड़ी जिला जेल के अधीक्षक प्रशांत राजबंशी की गिरफ्तारी की भी शिफारिश की है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात करेंगी। महिला आयोग की उप निदेशक ने जेल के अंदर महिला पर शारीरिक हमले, बलात्कार के प्रयास और धमकी के बावजूद जिला जेल अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। नीलिमा देवी ने यह भी कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए जरूरत पड़ने पर महिला आयोग मुख्यमंत्री पर दबाव बनाएगा। नीलिमा देवी ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया, क्योंकि जिला अधीक्षक दो बार बुलाए जाने के बावजूद नहीं आए। आरोपित कृष्ण बर्मन और कैदी मुजीबुर्रहमान की गिरफ्तारी के बाद जेल अधीक्षक खुद को बचाने के लिए हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत की कोशिश कर रहे हैं। धुबड़ी पुलिस को महिला आयोग की तरफ से सख्त हिदायत दी गई है कि इस संबंध में किसी को जमानत न मिले।

### बदमाशों के गोली से गंभीर रूप से घायल पैक्स अध्यक्ष का स्वास्थ्य मंत्री ने जाना हाल,खतरे से बाहर



**अररिया ।** जिले के पलासी थाना क्षेत्र के उरलाहा चौक के पास दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों के गोली से गंभीर रूप से घायल हुए बरदबट्टा के पैक्स चेयरमैन सह मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार मंडल का हाल जानने स्वास्थ्य और कृषि मंत्री मंगल पांडेय अररिया पहुंचे। शनिवार दोपहर दो बाइक सवार बदमाशों ने पैक्स अध्यक्ष को सामने से गोली मारकर घायल कर दिया था।पैक्स चेयरमैन के कमर के पसली में गोली लगी थी।प्राथमिक इलाज के बाद रेफर होने के बाद घायल पैक्स चेयरमैन पूर्णिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं।और वे फिलहाल खतरे से बाहर बताए जाते हैं। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अस्पताल प्रबंधन से घायल पैक्स चेयरमैन के स्वास्थ्य के साथ परिजन से घटना की जानकारी ली।उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घटना में शामिल बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर एसपी और अन्य वरीय अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### सुमेधा चतुर्वेदी बिहार में बनी जज



**बोकारोः** बोकारो के पूर्व प्रधान जिला जज, फैमिली कोर्ट अरुण कुमार चतुर्वेदी की सुपुत्री सुमेधा चतुर्वेदी का चयन बिहार न्यायिक सेवा में हुआ है। मेघा चतुर्वेदी वर्तमान में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया से कानून के क्षेत्र में पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से एलएलएम और हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की है। पिता ये कदम चिन्हों पर चल कर वह 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता अर्जित की है। सुमेधा का चयन यूजीसी-नेट प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 में भी हुआ है। उल्लेखनीय है कि सुश्री सुमेधा के दादा जी ने 1930 में लाहौर विश्वविद्यालय से संस्कृत-आनर्स की डिग्री हासिल की थी तथा दोहरीघाट स्थित समाजसेवी संस्था गुरुकुल के संस्थापन व उत्थान में उनकी महती भूमिका थी। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने उनके सफलता शुभकामनाएं पर बधाई दी है। उनके इस सफलता से बोकारो का भी नाम हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा झारखंड से हुआ है। उनके इस सफलता पर पूरा वकील समाज गर्व महसूस कर रहा है।

### साक्ष्य के अभाव में दहशत फैलाने का आरोपी शाहनवाज रिहा

**बोकारो :** बोकारो के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सृष्टि कुमारी की अदालत ने बारी मोड़ पर गोली चलाकर दहशत फैलाने के आरोपी आजाद नगर निवासी शाहनवाज अहमद को सबूत के अभाव में रिहा कर दिया। सूचक ने सेक्टर 12 थाना में आवेदन देकर कहा था कि आरोपी ने बारी मोड़ पर दुकानदारों से रंगदारी की मांग कर रहा है और रंगदारी नहीं देने पर गोली चलाकर दहसत फैला रहा था। विचारण के पश्चात जी आर नम्बर 470/ 23 में न्यायलय ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया। आरोपी की ओर से युवा अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बहस करते हुए कहा की आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। पुलिस बेवजह निर्दोष को अपराधी बनाने पर तुली हुई थी। आरोपी ने कभी भी कोई घटना को अंजाम नहीं दिया है। दोनों पक्षों का दलील सुनने के बाद न्यायलय ने आरोपी शाहनवाज अहमद को रिहा कर दिया।

### सिमडेगा डीएसओ के असामयिक निधन पर जिला प्रशासन ने शोक सभा का आयोजन कर दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगाः** जिला में पदस्थापित जिला आपूर्ति पदाधिकारी संदीप भगत की असामयिक निधन पर जिला प्रशासन द्वारा शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर तथा चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में सिमडेगा जिले में पदस्थापित संदीप भगत बीमार थे उनका इलाज भुवनेश्वर के अस्पताल में चल रहा था। जहां शुक्रवार की देर रात 9 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिले के एक कर्मठ पदाधिकारी के असामयिक निधन से जिला प्रशासन काफी मर्माहत है। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु की अगुवाई में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाहरणालय में कार्यरत जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा शामिल होकर दिवंगत संदीप भगत के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### मिशन वात्सल्य के तहत सफलतापर्वूक कार्यशाला का आयोजन



विनय मिश्रा

**चाईबासा :** बाल अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास केशरी मिशन वात्सल्य, भारत सरकार की एक कल्याणकारी योजना, बाल संरक्षण और विकास के लिए एक मजबूत रोडमैप प्रस्तुत करती है। इसका उद्देश्य बाल अधिकारों को हृदय प्राथमिकता देना, किशोर न्याय देखभाल और संरक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करना, और बच्चों के लिए एक संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इसी के तहत बाल कल्याण संघ द्वारा पूरे झारखंड में प्रमंडल स्तर पर परामर्शी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसका द्वितीय चरण आज कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त सभागार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त श्री केसरी और झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।
प्रमंडलीय आयुक्त श्री केशरी ने मिशन वात्सल्य को वत्सल भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह योजना अनाथ बच्चों, मानव तस्करी के शिकार बच्चों, बाल मजदूरी में संलग्न बच्चों और घुमंतू बच्चों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बाल कल्याण संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बाल संरक्षण और जागरूकता के लिए अत्यंत प्रभावी हैं, उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल नीतियां और योजनाएं पर्याप्त नहीं हैं; उनके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सामुदायिक जागरूकता और सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने बाल सुरक्षा समितियों और स्थानीय संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों को उनके अधिकार दिलाने और उनके साथ होने वाली किसी भी प्रकार की उपेक्षा या हिंसा को रोकने के लिए हर स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता दिखानी होगी।

# जिला प्रशासन आम लोगों के साथः मंजु नाथ भजंत्री




विनय मिश्रा

उपायुक्त शब्द सुनते ही जिले के सर्वोच्च पदाधिकारी और जिला प्रशासन की तस्वीर आंखों के सामने तैरने लगती है लोग अपनी पीड़ा और समस्या उपायुक्त और उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करते हैं किन्तु सफलता उनसे दूर रहती है किन्तु रांची जिलावासियों के लिए काफी सुखद और उपलब्धि की बात यह है कि राँची के नवपदस्थापित उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री 29 नवम्बर को जिला के नये उपायुक्त के रूप में योगदान देने के साथ ही सर्वप्रथम उन्होंने जिला प्रशासन को सरल और लचीला होने का निर्देश दिया जिससे कि आमलोग अपनी पीड़ा और समस्या को जिला प्रशासन तक रख सकें। जिला प्रशासन भी उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक जानने और सुनने के पश्चात कारगर पहल करें और पारदर्शिता के साथ जनमानस के बीच प्रशासन अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराये। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के अधिकारी मंजुनाथ भजंत्री लोहरदगा, सिमडेगा, देवघर, जमशेदपुर के साथ-साथ राजधानी राँची के दोबारा उपायुक्त बनाये गये हैं। इससे पूर्व वे 1 अक्टुबर 2024 से लेकर 15 अक्टुबर 2024 महज 15 दिन ही उपायुक्त के पद पर पदस्थापित रहें। वहीं 28 नवम्बर को श्री भजंत्री को राँची का नया उपायुक्त बनाया गया और 30 नवम्बर को उन्होंने जनमानस के सुविधा हेतु यह आदेश निर्गत किया कि जिला जन शिकायत कोषांग राँची कमरा संख्या 220, ब्लॉक ए, राँची समाहरणालय में अवस्थित इस कार्यालय में आम जनता को यदि कोई शिकायत हो तो जिला जन शिकायत कोषांग राँची में अपना आवेदन जमा करने के पश्चात पावती भी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पर यथाशीघ्र नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। उपायुक्त के इस आदेश से जिलावासियों में हर्ष देखा जा रहा है क्योंकि उपायुक्त ने प्रभार ग्रहण करने के साथ ही यह सार्थक पहल किया है और यह कहकर लोगों को आस्वस्त किया है कि लोगों की समस्या का समाधान करना या कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम

## राज से स्वराज नामक पुस्तक भेंट कर दी शुभकामनाएं



निधि पाठक

कार्मिक सह बजट डीआईजी नौशाद आलम ने आज नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके आवास पर भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने विभाग की ओर से भी उन्हें बधाई दी। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को डीआईजी श्री आलम ने विभाग अधीन कार्यों एवं राज्य में पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के लिए किये जा रहेकारगर और बेहतर प्रयास की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री आलम से राज्य में कार्मिक विभाग अधीन किये जा रहे कार्यों को सूना और जाना भी और बेहतर भी बताया तथा इस क्रम में डीआईजी में राज से स्वराज नामक पुस्तक भी मुख्यमंत्री को भेंट की।

### ऑक्सब्रिज स्कूल के छात्रों ने वुशु प्रतियोगिता में जीता पदक, स्कूल में हुआ सम्मान समारोह



**मांडरः** सिल्ली में 23 और 24 नवंबर 2024 को आयोजित 20वीं राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला रांची वुशु संगठन द्वारा किया गया था।
प्रतियोगिता में कोमल सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर (चांदी) पदक जीता, जबकि अनिशा तिग्गा ने ब्रोंज (कांस्य) पदक पर कब्जा किया। इसके अलावा, उपासना उरांव और निशु रानी तिर्की को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।
30 नवंबर 2024 को ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पदक विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूल की प्राचार्या मिस इवोन एंवेजलिन एक्का और कराटे प्रशिक्षक ने इन विद्यार्थियों को सम्मानित किया।
इस अवसर पर प्राचार्या ने बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह अपने कौशल को निखारने और स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं की हौसला-अफजाई की।

## जनसेवक की निर्मम हत्या से ग्रामीणों में आक्रोश, एनएच-39 किया जाम

मेट्रो रेज

मांडरः थाना क्षेत्र के बिसाहाखटंगा गांव में जनसेवक ऐरेनियुस टोप्पो की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों ने रांची-डाल्टेनगंज मुख्य पथ (एनएच-75) पर करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगाया। ग्रामीणों ने हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें फांसी देने की मांग की। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित रहा।
ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए मांडर थाना प्रभारी राहुल सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।
घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें मृतक ऐरेनियुस टोप्पो के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने और परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई। ग्रामीणों ने पुलिस से खून के धब्बों की जांच के लिए खोजी कुत्तों की मदद लेने, 48 घंटे के भीतर अपराधियों को गिरफ्तार करने और संदिग्धों के कॉल डिटेल्स की जांच करने की भी अपील की।
शुक्रवार सुबह ऐरेनियुस टोप्पो अपने घर के पास स्थित बाड़ी में मवेशियों को बांधने गए थे। घर की चाबी भूल जाने पर उन्होंने अपनी पत्नी मैक्सिमा कुजूर को फोन कर चाबी मंगवाई। मैक्सिमा ने अपनी नातिन नेहा को चाबी देकर बाड़ी में भेजा।



नेहा जब चाबी लेकर पहुंची तो उसने देखा कि धुंध के बीच एक व्यक्ति तेजी से भाग रहा है। पास जाकर नेहा ने देखा कि उसके नाना ऐरेनियुस टोप्पो जमीन पर पड़े हुए हैं और उनके चेहरे पर गहरे घाव हैं। यह देख नेहा ने शोर मचाया और ग्रामीणों को बुलाया। मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।
जनसेवक ऐरेनियुस टोप्पो की हत्या के बाद से बिसाहाखटंगा गांव में मातम और भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक अपराधियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा नहीं दी जाती, तब तक गांव में शांति नहीं लौटेगी।
थाना प्रभारी राहुल सिंह ने कहा कि पुलिस जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार करेगी और सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। मामले की जांच जारी है और अपराधियों की तलाश में विशेष टीम गठित की जा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

### वडोदरा में गति शक्ति विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह संपन्न

# 239 छात्रों को किया गया सम्मानित




**अहमदाबादः** रेल मंत्री और चांसलर अश्विनी वैष्णव ने गति शक्ति विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से हुई।
विश्वविद्यालय के कुलपति अश्विनी वैष्णव की शानदार उपस्थिति में 239 छात्रों को विभिन्न संकायों की डिग्री से सम्मानित किया गया।
अश्विनी वैष्णव, कुलपति और रेल मंत्री, शक्ति विश्वविद्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के कारण यह विश्वविद्यालय वडोदरा में चालू हो गया है और इसने उन पाठ्यक्रमों की व्यवस्था की है जिनकी बाहरी औद्योगिक समुदाय को आवश्यकता है।
उन्होंने यह भी कहा कि टाटा एयरबस संयंत्र को वडोदरा शहर में भी चालू किया गया है और एयरबस को आने वाले दिनों में लगभग 15,000 इंजीनियरों की आवश्यकता होगी, इसे ध्यान में रखते हुए, गतिशक्ति विश्वविद्यालय ने एयरबस के साथ समन्वय किया है ताकि एक पाठ्यक्रम तैयार किया जा सके जिस तरह से उन्हें इसकी आवश्यकता है। उसी कक्षा में जहां यह पढ़ाया जाता है, औद्योगिक क्षेत्र में काम करने की भी योजना बनाई गई है।
यह कहते हुए कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण था कि एक विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान का निर्माण किया जाए जो केवल परिवहन और रसद सिखाता है, गतिशक्ति विश्वविद्यालय इसे वास्तविकता बना रहा है, रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि यहां पढ़ने के बाद यहां से बाहर आने वाले छात्रों की प्रतिभा देश के विकास में नई ऊर्जा पैदा करेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास पर प्रकाश डालते हुए रेल मंत्री ने कहा कि मेट्रो, बुलेट ट्रेन, राजमार्ग और पुलों का निर्माण तेज गति से चल रहा है। आशावाद व्यक्त करते हुए कि वडोदरा में गति शक्ति विश्वविद्यालय देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक है, रेल मंत्री ने छात्रों को उनके उज्ज्वल करियर के लिए बधाई दी। चार स्वर्ण पदक विजेता छात्रों को गणमान्य व्यक्तियों के हाथों पदक से सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गति शक्ति विद्यालय के युवा डिग्री धारकों से मुलाकात की, जिन्होंने स्वतंत्रता की अमर अवधि में अपना करियर शुरू किया था, एक विकसित भारत के निर्माण में 2047 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए। उन्होंने आगे कहा कि परिवहन और रसद के क्षेत्र में करियर शुरू करने वाले छात्रों के जीवन में आज से एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है।
मुख्यमंत्री ने पुरस्कार विजेताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे भविष्य में जहां भी काम करते हैं, हमेशा एक बात याद रखें कि उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और अच्छे इरादों से समाज और राष्ट्र में क्या योगदान देते हैं।
इस समय, अदालत के सदस्य और विश्वविद्यालय के सांसद, डॉ हेमांग जोशी ने एक प्रासंगिक भाषण दिया और छात्रों को डिग्री प्रदान की। कुलपति श्री मनोज चौधरी ने स्वागत भाषण के साथ संस्थान की शैक्षिक प्रगति पर एक रिपोर्ट दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के अलावा, केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय अधिकारी उपस्थित थे।

### डीपीएस बोकारो में झारखंड के प्राचार्यों का हुआ जुटान

## क्षमता-निर्माण कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति की अनुशंसाओं पर विचार-विमर्श



**बोकारो :** नई शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं को लेकर विचार-मंथन के लिए शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में झारखंड भर के लगभग 200 शीर्ष शिक्षाविदों का जुटान हुआ। अवसर था क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के तत्वावधान में यह विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर एनईपी की विभिन्न अनुशंसाओं के आलोक में भविष्य की शिक्षण-प्रणाली को लेकर शिक्षकों की तैयारी, इस दिशा में आनेवाली चुनौतियों तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु प्रश्न पूछने की आदत विकसित करने तथा बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों में भी सतत ज्ञानार्जन और ज्ञान के आदान-प्रदान की अनिवार्यता पर बल दिया। बदलते समय के साथ शिक्षा में बदलाव, कौशल-शिक्षा की आवश्यकता और इसकी महत्ता, विद्यालय की प्रासंगिकता आदि बिंदुओं को भी रेखांकित किया गया। कार्यशाला के निर्धारित बिंदुओं के तहत सीखने की क्षमता का संरचनात्मक विश्लेषण (सफल), विद्यालय की गुणवत्ता के आकलन से संबंधित फ्रेमवर्क (एसक्यॉफ) तथा नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरआफ) के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षकों ने आपस में अपने विचार साझा किए। इस क्रम में प्रतिभागी शिक्षकों के लिए अलग-अलग समूहों में प्रश्नोत्तरी तथा भांति-भांति की रोचक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। अंत में कार्यक्रम के सभी सहभागी वरिष्ठ शिक्षकों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इसके पूर्व, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत की बेला में हम ये गीत सुनाने आए हैं... के सुरीले गायन से अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए उक्त कार्यशाला के उद्देश्यों तथा इसकी उपादेयता व रूपरेखा पर प्रकाश डाला।